सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹106433/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹129990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹141896/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 13 जून 2026




## थाईलैंड की सबसे अमीर राजकुमारी बज्रकीतिआभा का निधन

**बैंकाक।** थाईलैंड के शाही परिवार से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। दुनिया के सबसे अमीर राजाओं में शुमार राजा महा वजिरालोंगकोर्न की सबसे बड़ी बेटी और देश की सबसे मशहूर राजकुमारी बज्रकीतिआभा नरेंद्र देब्यावती का 47 साल की उम्र में निधन हो गया है।






### खबर संक्षेप

#### ओडिशा में केजी से पीजी तक पढ़ाई मुफ्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में किंडरगार्टन (केजी) से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) तक की पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त करने का ऐलान किया। भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में माझी ने कहा कि शिक्षा को वास्तव में सार्वभौमिक और सुलभ बनाने के लिए सरकार यह कदम उठा रही है।

#### बंगाल में 4 हजार ईवीएम जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की एक सरकारी बिल्डिंग में लगी भीषण आग में करीब 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जलकर खाक हो गईं। विधानसभा चुनाव के दौरान इन ईवीएम मशीन का इस्तेमाल हुआ था। शुभेंदु सरकार में मंत्री कौशिक चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र का बड़ा फैसला, 90 दिन के लिए विशेष आदेश लागू

# कॉमर्शियल यूजर्स को अब रिटेल पंपों से नहीं मिलेगा तेल, आम ग्राहक को सिर्फ 200 लीटर

*पेट्रोल और डीजल की सप्लाई को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब आम ग्राहक एक दिन में अधिकतम 200 लीटर ही डीजल खरीद पाएंगे। यह प्रतिबंध अधिकतम 90 दिन तक लागू रहेगा जिसे कुछ क्षेत्रों में विशेष रूप से डीजल की असामान्य मांग में वृद्धि के बाद लगाया गया है। इस डीजल को दोबारा बेचने पर पूरी तरह रोक रहेगी। इसके अलावा अब फैक्ट्रियों और कॉमर्शियल यूजर्स को रिटेल आउटलेट से ईंधन नहीं मिलेगा। अब इन बड़े उपभोक्ताओं को केवल बल्क सेल पॉइंट्स से ही ईंधन खरीदना होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

पेट्रोल और डीजल की सप्लाई को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल पंपों से ईंधन की खरीद पर कुछ पाबंदियां लगा दी हैं। नए आदेश के तहत अब फैक्ट्रियां और बड़ी कंपनियां पेट्रोल पंप से तेल नहीं खरीद पाएंगी और एक ग्राहक को एक दिन में 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं दिया जाएगा और तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### पेट्रोल पंप को लेकर नियम

पेट्रोल पंप के लिए भी साफ नियम तय किए गए हैं। पेट्रोल पंप अब डीजल सिर्फ गाड़ी की टंकी में या पेसो से अप्रूव्ड कंटेनर में ही देंगे। एक ग्राहक या एक गाड़ी को एक दिन में 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं मिलेगा। इस डीजल को आगे बेचने की भी इजाजत नहीं होगी। तेल कंपनियों और पंप डीलरों को इन नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी दी गई है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### सरकार ने यह कदम क्यों उठाया

इस फैसले के पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पहली वजह दुनिया के हालात हैं। कुछ इलाकों में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव की वजह से पेट्रोलियम की अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन, शिपिंग और उपलब्धता पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में सरकार का मानना है कि जो सप्लाई मौजूद है उसका समझदारी से इस्तेमाल और बचाव जरूरी है, दूसरी वजह देश के अंदर की है। सरकार ने पाया कि कुछ इलाकों में पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल की बिक्री में असामान्य बढ़ोतरी हो रही है। दरअसल रिटेल और बल्कि कीमत में अंतर होने की वजह से फैक्ट्रियां और बड़े कमर्शियल ग्राहक सीधे पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने लगे थे। इससे आम ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### आम आदमी पर यह असर

*अगर आप अपनी कार या बाइक में तेल भरवाते हैं तो आपके लिए कुछ नहीं बदला है। आम ग्राहकों पर कोई रोक नहीं है। 200 लीटर की रोजाना सीमा सामान्य गाड़ी वालों के लिए कोई मायने नहीं रखती क्योंकि आम गाड़ियों की टंकी इससे काफी छोटी होती है। यह आदेश असल में उन बड़े खरीदारों पर लगाम लगाने के लिए है जो सस्ते रेट का फायदा उठाकर पंप से भारी मात्रा में ईंधन उठा रहे थे। सरकार का मकसद यही है कि पंप पर आम आदमी को तेल मिलता रहे और कहीं किल्लत न हो।*

## बीजापुर में 15 जून को हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद



डॉ. हिमांशु द्विवेदी | केदार कश्यप | महेश कश्यप | विक्रम मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खास खबर

जिला मुख्यालय बीजापुर के शारदा सिनेमा हॉल में 15 जून को दोपहर साढ़े तीन बजे से हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम होगा। जिले में जनसरोकारों और विकास से जुड़े मुद्दों पर हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों के जवाब कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ठ अतिथि देंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप होंगे, साथ ही सांसद महेश कश्यप, स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी.वेंकट समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इनके अलावा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के सीईओ, वनमंडलाधिकारी, विभिन्न राजनीति दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम में जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बहस और चर्चा होगी। कार्यक्रम में जिले के विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल सहित विभिन्न जनहित के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### झारखंड से ले जा रहे थे कर्नाटक

## मानव तस्करी की शंका पर रेस्क्यू किए गए 19 बच्चे, इनमें 16 लड़कियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में मानव तस्करी की शंका पर बीती रात महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने झारखंड से कर्नाटक की ओर भेजी जा 16 लड़कियों और 3 लड़कों को रेस्क्यू किया है। बच्चियों को बहला फुसलाकर लेकर जाने वाला व्यक्ति बस में मौजूद नहीं था। प्रारंभिक जांच में 6 लडकियां नाबालिग पाई गई जिन्हें सीडब्ल्यूसी में पेश करने के बाद बालिका गृह में रखा गया है। शेष के परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई चल रही है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### सिर्फ 6 ही नाबालिग

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि रेस्क्यू किए गए बच्चों में से सिर्फ 6 लड़कियां ही नाबालिग हैं, शेष 10 लड़कियां और 3 लड़के बालिग हैं। सभी झारखंड के भंडरिया क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। विभाग द्वारा बालिग युवक युवतियों को उनके परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं शेष छह नाबालिग ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नशे पर तगड़ा प्रहार, ट्रक से 2 टन गांजा जब्त

## पावडर की बोरियों के नीचे निकला साढ़े दस करोड़ रुपए का गांजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

खास खबर

पुलिस ने छत्तीसगढ़-उत्तरप्रदेश की सीमा पर नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कर एक ट्रक से 2 टन गांजा बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक मालिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 10.50 करोड़ आंकी गई है। पुलिस पिछले पांच महीने से सरगना एवं गांजा तस्करी के मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी थी। गांजा ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### 5 महीने से तलाश थी पुलिस को

बसंतपुर पुलिस पिछले पांच महीने से मास्टरमाइंड लोकेश शर्मा को तलाश रही थी। पांच महीने पूर्व ट्रक क्रमांक आरजे 32 जीआई 0960 से 1198.460 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। इस मामले में जब्त ट्रक भी अंतरराज्यीय तस्कर लोकेश शर्मा के नाम से पंजीकृत था। तब पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ओडिशा के बालांगीर से गांजा लोड कर भेजा जा रहा था। साथ ही ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### चल रही है जांच

मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस लंबे समय से सरगना को तलाश रही थी। बसंतपुर पुलिस एवं साइबर सेल आरोपी के हर गतिविधि की मॉनिटरिंग कर रही थी। आरोपियों से 10.50 करोड़ का गांजा व तस्करी में शामिल ट्रक को जब्त किया गया है।

\- **वैभव बैंकर**, एसपी, बलरामपुर


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in







### अमरनाथ यात्रा : गृहमंत्री शाह ने की हाईलेवल मीटिंग कहा- जारी करें क्यूआर कोड वाले आईडी कार्ड

## स्थानीय लोगों और जानवरों का भी होगा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एक हाईलेवल मीटिंग की अध्यक्षता की। अमरनाथ यात्रा 2026 की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि अमरनाथ यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और जानवरों का भी रजिस्ट्रेशन किया जाए, क्यूआर कोड वाले ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### 3 जुलाई से शुरू होगी यात्रा

*इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी और 57 दिनों के बाद 28 अगस्त को समाप्त होगी। यह यात्रा श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के त्योहारों के समय होगी। समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिमालयी गुफा मंदिर की इस यात्रा के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत होती है।*


HARSUN
HARVESTING THE SUN
भरोसे की शुरुआत
HARSUN के साथ
आपका HARSUN सिर्फ बिजली नहीं बनाता, यह आपके परिवार के भविष्य को रोशन करता है,
HARSUN के साथ हर किरण बनती है भरोसे की ताकत जो सालों तक आपका साथ निभाए...
SPECIAL
LAUNCH
OFFERS
TODAY AT HOTEL SAYAJI, RAIPUR
गुणवत्ता की पहचान - HARSUN - देश की शान
छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए लेकर आया है उच्च गुणवत्ता वाली किफायती सोलर किट्स
2KW
ग्रामीण सोलर किट
बैटरी के साथ
बिजली जाने पर भी
बिजली चलती रहें
3KW
स्वदेशी सोलर किट
पूरी तरह स्वदेशी,
छत्तीसगढ़ से सम्पूर्ण भारत के लिए बना
गर्व से स्वदेशी, भरोसे से मजबूत
5KW
आत्मनिर्भर सोलर किट
अब किसी पर निर्भर नहीं..
खुद की बिजली खुद बनाएं
बिजली की आज़ादी, आपके हाथ में
10KW
बिजली सहायक किट
बिजली बनाओ, इस्तेमाल करो...
और बची हुई बेचकर कमाओ
Backup नहीं, अब Income भी
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं!
150 - 200 Sqf.
HARSUN
DEALER NAME.......................
छत्तीसगढ़ की विश्वसनीय सोलर कंपनी के
साथ जुड़कर बनाएं अपना मजबूत बिज़नेस
जिला स्तर पर वितरक चाहिए
आज ही हरसन सोलर का डीलर बने
और कमाये पैसा, सम्मान, और भरोसा
अपने जिले में डीलर बनने हेतु आवेदन करें।
SCAN HERE
HARSUN डीलरशिप के बड़े फायदे
सम्पूर्ण पारदर्शिता: पारदर्शी नियमों के साथ हमसे जुड़, सोलार की धोखाधड़ी से बचे
लेटेस्ट टेक्नोलॉजी: 1KW से 10MW तक के सभी सोलर सिस्टम (On/Off-Grid & Hybrid) उपलब्ध।
बड़ा नेटवर्क: छत्तीसगढ़ सहित 22 राज्य 3 देश में सप्लाई और बेहतरीन सर्विस।
सरकारी अवसर: पीएम सूर्यधर योजना के तहत पूरे भारत में काम करने का मौका।
एक्सक्लूसिव डीलरशिप: जिले में केवल 1 ही डीलर की नियुक्ति।
फुल सपोर्ट: हर समय बैंकअप टीम, सेल्स टेक्निकल ट्रेनिंग और डेली मीटिंग्स।
विविध प्रोजेक्ट्स: घरेलू कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सोलर लगानेके सभी विकल्प।
स्टेट-ऑफ-द-आर्ट डिस्प्ले: इमेज में दिखाए गए जैसा ही हाई टेक और
प्रोफेशनल शोरूम डीलर हेतु जिले में बनाकर दिया जाएगा।
फुल प्राइक्ट रेंज: सोलर पैनल्स, HARSUN बैटरियां सब एक ही छत के नीचे।
कस्टमर एक्सपीरियंस: ग्राहकों के लिए एक लाइन प्रोडक्ट डेसो सेंटर।
ट्रेनिग और ब्रांडिंग: शोरूम सेटअप और प्रमोसन के लिए कंपनी द्वारा पूरा सहयोग।
OPPORTUNITIES
join our team
www.harsun.co.in
Harsh Gupta
(Managing Director)
इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग (Make in India)
अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पैनल्स (Mono, Poly, Bifacial, TOPCon)
एंड-टू-एंड सोल्यूशंस (Design, Supply & Installation)
स्ट्रांग सर्विस एंड सपोर्ट नेटवर्क
LAXMI GROUP OF COMPANIES
LAXMI AGENCY
LAXMI SOLAR POWER SYSTEM PVT. LTD.
LAXMI DIGITAL HUB PVT. LTD.
HARSUN BUILCON LIMITED
HARSUN ENERGY LIMITED
CHHATTISGARH SOLAR ENERGY CENTER
सिटी ऑफिस: 28, हरिद्वार बिल्डिंग, अवंती विहार रायपुर, छत्तीसगढ़
9893025116, 9407793521, 9425270053, 9826193521
फैक्ट्री: खरोरा, ITBP कैंप के पास, तिल्दाडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





*नक्सल प्रभावित रहे इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के स्कूलों की दशा नहीं बदली*

## मोहला-मानपुर-चौकी जिले में अति जर्जर स्कूल भी, रंगमंच, सामुदायिक भवन में होगी पढ़ाई

एनिशपुरी गोस्वामी ▶▶| मोहला

हरिभूमि लगातार

आदिवासी बहुल मोहला क्षेत्र में मासूमों को फिर मौत के मुहाने पर बिठाकर पढ़ाने की तैयारी है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, हर साल बच्चे जर्जर शाला भवनों में पढ़ने पर विवश हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 46 स्कूल भवन जर्जर हैं। इनमें से मासूमों के हिस्से ही ज्यादातर जर्जर भवन हैं। आंकड़ों के मुताबिक जिले में 38 प्राइमरी और 8 मिडिल स्कूल भवन जर्जर हैं। वहीं एक प्राइमरी, 2 हाई और 5 हायर सेकेंडरी स्कूल भवनविहीन हैं। कुछ स्कूलों की हालत ऐसी है कि जो बिलकुल ढह गए हैं लिहाजा गांव के रंग मंच ,तो कहीं पंचायत के सामुदायिक भवन में नौनिहालों का भविष्य गढ़ने की फिर तैयारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### शासन को भेजा है पत्र

जिले के तीनों विकास खंड शिक्षा अधिकारियों ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि अति जर्जर शाला और भवनविहीन शालाओं की जानकारी शासन को भेजी गई है। भवन मरम्मत या फिर से बनाने की स्वीकृति का इंतजार है। तब तक किसी अन्य स्थान पर शाला का संचालन किया जाएगा।





## 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल गांव के साथ शहर में भी मुनादी

*अटकलों के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून से ही होगी। गर्मी के कारण प्रदेश में स्कूल खोले जाने की तिथियों में वृद्धि संबंधित अटकलों के बीच शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। शाला प्रारंभ होने संबंधित तिथियों के जिक्र के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इच्छुक व्यक्ति दे सकते हैं शैक्षणिक सामग्री

विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी पहले से ही संधारित करने कहा गया है। कक्षा पहली के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र से बच्चों की सूची प्राप्त करने तथा इसी प्रकार 5वीं कक्षा उत्तीर्ण होने वाले बच्चों की सूची एवं टीसी प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला से प्राप्त कर कक्षा छठवीं में प्रवेश की कार्यवाही करने कहा गया है। शाला त्यागी बच्चों को ▶▶| शेष पेज 7 पर

एनटीए ने किया बड़ा बदलाव, जारी की नई गाइडलाइंस

## नीट छात्रों के लिए गुड न्यूज, री-एग्जाम के लिए मिलेंगे एक्स्ट्रा 15 मिनट, रफ वर्क की जगह भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 री-एग्जाम को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। एनटीए के अनुसार, नीट यूजी 2026 री-एग्जाम का समय अब दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक रहेगा। यानी कुल 195 मिनट (3 घंटे 15 मिनट) का समय मिलेगा। इन अतिरिक्त 15 मिनट में परीक्षा शुरू होने से पहले की औपचारिकताएं जैसे अटेंडेंस शीट पर साइन करना, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और अन्य सुरक्षा प्रक्रियाएं शामिल हैं। एनटीए के अनुसार, नीट यूजी परीक्षा 2026 के लिए कई बदलाव किए गए हैं। इसमें अब नीट यूजी 2026 परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। इसका ड्यूरेशन 195 मिनट (3 घंटे 15 मिनट) रखा गया है। पहले यह 3 घंटे की होती थी। अतिरिक्त समय ▶▶|शेष पेज 7 पर

**जो छात्र मई में हुई नीट परीक्षा रद्द होने के बाद दोबारा परीक्षा देने जा रहे हैं तो उनके लिए यह अच्छी खबर है। अब 21 जून 2026 को होने वाली परीक्षा में उन्हें 15 मिनट का ज्यादा समय मिलेगा यानी परीक्षा का टाइम बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा पेपर में रफ वर्क के लिए भी पहले की तुलना में ज्यादा स्पेस मिलेगा।**

### बुकलेट के अंत में रहेंगे 2 पेज

एनटीए ने इस बार रफ वर्क की सुविधा को भी काफी बेहतर किया है। अब प्रश्न पत्र बुकलेट में 4 रफ वर्क पेज दिए जाएंगे (पहले 2 पेज होते थे)। 2 पेज निर्देश पेज के ठीक बाद (शुरुआत में) दिए गए हैं। 2 पेज बुकलेट के अंत में रहेंगे। यह बदलाव खासकर बाएं हाथ वाले छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है। अब छात्र अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी पेज पर रफ काम कर सकते हैं। यह सुविधा इंग्लिश और सभी रीजनल लैंग्वेज वाली बुकलेट में उपलब्ध होगी।




*नीट यूजी रीएग्जाम का समय होगा अब 3:15 घंटे, मिलेंगी 4 रफ वर्क शीट*

*छात्रों के फीडबैक के बाद ही किए गए हैं यह बदलाव*

### एमआई-17 हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे प्रश्न पत्र

आने वाली 21 जून 2026 को देश की आजादी के बाद एक नया इतिहास रचा जाएगा, जब नीट के री-एग्जाम को पूरी तरह लीक-प्रूफ कराने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों को युद्ध स्तर पर तैनात किया जाएगा। नीट परीक्षा के प्रश्नपत्रों को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार ने 'टू-टियर' सुरक्षा खाका तैयार किया है। इस बार प्रश्नपत्रों को लीक से बचाने के लिए सड़क के बजाय आसमान का रास्ता चुना गया है।

### 45 बटालियनें संभालेंगी मोर्चा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा में कोई कसर न छोड़ते हुए सीआरपीएफ की 20 और सीआईएसएफ की 25 बटालियनों को इस स्पेशल ड्यूटी पर लगाया है। बता दें, एक बटालियन में करीब 110 जवान होते हैं, यानी लगभग 5,000 से ज्यादा हाईटेक जवान देश के परीक्षा केंद्रों की पहरेदारी करेंगे। इस कदम के पीछे गृह मंत्रालय का मुख्य मकसद पेपर को देश भर के परीक्षा केंद्रों तक बिना किसी सुरक्षा चूक के पहुंचाना है।

### सुरक्षा मानकों का रखा ध्यान

नीट री-एग्जाम से पहले एनटीए का मानना है कि एग्जाम डिजाइन में छोटे-छोटे सुधार भी छात्रों के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। ये बदलाव परीक्षा को और ज्यादा छात्र-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं। साथ ही निष्पक्षता और सुरक्षा के मानकों को बनाए रखा जाएगा।

## बारिश से बचने पेड़ के नीचे पहुंचे और गिर गई बिजली उपसरपंच सहित तीन की मौत

पांच महिलाएं झुलसीं,अस्पताल में भर्ती







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अंतागढ़ विकासखंड के कलगांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से गांव के उपसरपंच सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के समय मनरेगा मजदूर रोज की तरह तालाब गहरीकरण कार्य में जुटे थे, जो गरज-चमक के बाद बारिश से बचने एक पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी बीच बादल की तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। बिजली गिरने से तीन ग्रामीणों की झुलसने से मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। बताया गया कि सभी पांच घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृत श्रमिकों ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मृतकों के परिवारों को 4 लाख सहायता राशि मंजूर

हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। इस दुखद घटना के बाद पूरे कलगांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इस जनहानि पर शोक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### छग सहित कई राज्यों में आंधी बारिश का अलर्ट

केरलम में प्रवेश करने के बाद से अगले 7 दिनों में मानसून ने देश के पूरे पूर्वोत्तर, बंगाल के उत्तरी हिस्से, दक्षिण के सभी राज्यों और बिहार तक अपनी पहुंच बना ली है। अगले 2 से 3 दिनों में मानसून के उत्तर प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा तक पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब समेत 22 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूल भरी आंधी चल सकती है। महाराष्ट्र से लगे कोंकण और गोवा में मौसम उमस भरा रहेगा। कर्नाटक और केरलम में समुद्र की तरफ से तेज हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, बिहार के सीमावर्ती इलाकों में प्रवेश कर लिया और करीब-करीब पूरे उत्तरी बिहार में मानसून के बादल छा गए हैं। अगले तीन से चार दिन में यह यूपी में प्रवेश कर जाएगा। बिहार के 11 जिलों में बृहस्पतिवार सुबह से आंधी-बारिश हो रही है।

150 डॉलर के भाव पर खुले स्पेसएक्सल के शेयर

## मस्क ने रचा इतिहास, बने दुनिया के पहले 'ट्रिलियनियर'

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में अपनी सूचीबद्धता के दिन 23 प्रतिशत की जोरदार उछाल दर्ज की। इसके साथ कंपनी के सीईओ एलन मस्क दुनिया के पहले 'ट्रिलियनियर' बन गए। 'ट्रिलियनियर' का मतलब ऐसे व्यक्ति से है जिसके पास एक लाख करोड़ डॉलर की संपत्ति है। मस्क से पहले कोई भी व्यक्ति इतनी संपत्ति नहीं हासिल कर पाया था। मस्क की कंपनी स्पेसएक्सल के शेयर 150 डॉलर के भाव पर खुले जो निर्गम मूल्य से 11 प्रतिशत अधिक है। थोड़ी देर में ही इसके शेयर का भाव बढ़कर 166.90 डॉलर तक पहुंच गया।



### लैरी से तीन गुना अधिक

मस्क की कुल संपत्ति अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज की संपत्ति से तीन गुना से भी अधिक है। मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी स्पेस एक्स लगातार निवेशकों का भरोसा जीत रही हैं। मस्क की संपत्ति इतनी बड़ी है कि यदि उनके 14 बच्चों में इसे बराबर बांटा जाए, तो प्रत्येक दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल हो सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा- चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकते

## रास चुनाव नामांकन, नटराजन को सुप्रीम झटका, याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन को झटका देते हुए राज्यसभा उम्मीदवारी खारिज होने पर दखल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता। कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने कहा।

### अब सीट चोरी भी होने लगी

याचिका खारिज होने पर मीनाक्षी ने कहा कि पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई। शुक्रवार को कांग्रेस ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। इसमें मीनाक्षी नटराजन ने कहा- मेरे खिलाफ मात्र एक लीगल नोटिस है। उसकी पूरी जानकारी मैंने मेरे ईसीआई मेमोरेंडम में दी है जिस पर आज तक अदालत ने संज्ञान नहीं लिया।

इन्वेस्टर कनेक्ट में हैदराबाद के निवेशकों को मुख्यमंत्री साय का न्योता

## छग आएंगी आईटी, टेक्सटाइल डेटा सेंटर और फार्मा कंपनियां

हैदराबाद इन्वेस्टर कनेक्ट में मिले 9,580 करोड़ रुपये के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हैदराबाद

खास खबर

छत्तीसगढ़ ने निवेश आकर्षित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की सात प्रमुख कंपनियों ने 9,580 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं, जिनसे 7,800 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, इन्वेस्टमेंट कमिश्नर सुश्री रितु सैन, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, उद्योग विभाग के संचालक प्रभात मलिक एवं अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

### सात कंपनियों ने दिए ऑफर लेटर

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सात प्रमुख कंपनियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए 'इन्विटेशन टू इन्वेस्ट' (ऑफर लेटर) प्रदान किए। इनमें डेटा सेंटर, सीमेंट, सेमीकंडक्टर एवं जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर ऊर्जा उपकरण निर्माण, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल और डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियां शामिल हैं। सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव हाइपरनेक्स्ट डाटा सेंटर लिमिटेड की ओर से प्राप्त हुआ, जिसने ▶▶| शेष पेज 7 पर

49 साल की उम्र में कार्डियक रप्चर से निधन

## कॉमनवेल्थ में 9 गोल्ड जीतकर मनवाया था लोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल इतिहास के सबसे चमकदार निशानेबाजों में शामिल जसपाल राणा नहीं रहे। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक और मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा का दिल से संबंधित बीमारी के कारण गुरुवार को निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। राणा को दिल का दौरा पड़ने के बाद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था और ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलविदा जसपाल राणा



### कॉमनवेल्थ गेम्स

कुल 15 पदक,
9 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य
1994, 1998, 2002 और 2006 में लगातार चार संस्करणों में पदक
(2002 मैनचेस्टर कॉमनवेल्थ गेम्स उनका सबसे सफल संस्करण रहा, जहां उन्होंने 6 पदक जीतकर इतिहास रचा)

### एशियन गेम्स

2006 दोहा एशियन गेम्स में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए- - 3 स्वर्ण पदक, - 1 रजत पदक जीता। 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में 590 अंक बनाकर उन्होंने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की, जो उनके करियर का सबसे प्रतिष्ठित क्षण माना जाता है।




गरीबों को पक्का आवास उनके सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की नींव- साय

# ढाई साल में छत्तीसगढ़ में बने 10.60 लाख ग्रामीण आवास, साय ने कहा-हम संकल्प को कर रहे पूरा

विजय शर्मा ने टीएस के त्याग पत्र का जिक्र कर सीएम को पत्र भेजकर दिया ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



'हमने बनाया है हम ही संवारेंगे' के सूत्र वाक्य के साथ छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास में लगी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अपनी पहली कैबिनेट के संकल्प को तेजी से पूरा करने में लगी है। राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पिछले ढाई वर्षों में 10 लाख 60 हजार आवासों के निर्माण पूर्ण किए गए हैं। बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे अधिक 6 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए हैं। प्रतिदिन पूर्ण किए जा रहे आवासों की संख्या में भी छत्तीसगढ़ देश में शीर्ष स्थान पर है। राज्य में अभी रोज 1600 से अधिक मकानों के निर्माण पूरे किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर उपलब्धियों का ब्योरा भी साझा किया है। पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव के त्यागपत्र का जिक्र करते हुए श्री शर्मा ने आवास निर्माण का ब्योरा दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की कमान संभालने के अगले ही दिन मंत्रालय में अपनी कैबिनेट की पहली बैठक में गरीबों के लिए 18 लाख आवासों के निर्माण का संकल्प लिया था। राज्य शासन अपने इस संकल्प को तेजी से पूरा करने में लगी है। सरकार ने उस वक्त जिन 18 लाख 12 हजार 742 आवासों के निर्माण का संकल्प लिया था, उनमें 2 लाख 46 हजार 215 अपूर्ण आवास, वर्ष 2011 की स्थायी प्रतीक्षा सूची के 6 लाख 33 हजार 438 आवास, आवास प्लस की सूची के सभी 8 लाख 19 हजार 999 आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण आवास न्याय योजना) के सभी 47 हजार 090 आवास शामिल थे।

### साय ने कहा-हम संकल्प को धरातल पर उतार रहे

"हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में प्रदेश के गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरी प्रतिबद्धता से धरातल पर उतार रहे हैं। हमारी सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल में 10 लाख 60 हजार से अधिक ग्रामीण आवास पूर्ण होना इसी संकल्प और जनविश्वास का परिणाम है। हमारा लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद परिवार के घर के सपने को साकार करना है और इसके लिए सरकार निरंतर संवेदनशीलता और तेज गति से कार्य कर रही है। यह केवल मकानों का निर्माण नहीं, बल्कि गरीबों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की नींव है। हम सब मिलकर समृद्ध, आत्मनिर्भर और खुशहाल छत्तीसगढ़ का निर्माण कर रहे हैं।"

### पहले दिन का संकल्प 18 लाख आवास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने पहले दिन से ही 18 लाख आवासों के निर्माण के संकल्प को पूरा करने पूरी गंभीरता, सक्रियता और प्रतिबद्धता से काम करना शुरू कर दिया था। इन आवासों को तेजी से पूरा कर गरीबों के पक्के मकान के सपनों को साकार करने सरकार ने 26 हजार 908 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पिछली सरकार से विरासत में मिले अपूर्ण मकानों के साथ ही जरूरतमंदों के लिए तेजी से नए आवास स्वीकृत कर युद्ध स्तर पर उन्हें पूरा किया है। सरकार अपने इस संकल्प को पूरा करने किस रफ्तार से काम कर रही है, इसका प्रमाण है कि पिछले वर्ष (2025 में) अप्रैल से अक्टूबर तक राज्य में प्रतिदिन करीब 2000 आवासों के निर्माण पूर्ण किए गए हैं। अभी भी रोज 1600 मकानों को पूरा किया जा रहा है। देश में छत्तीसगढ़ में रोजाना सबसे अधिक संख्या में प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण किया जा रहा है।

भारत ने दिया यूरोपीय देशों को करारा जवाब

# भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो रहे तुम्हारे हथियार : जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से कच्चे तेल की खरीद पर पश्चिमी देशों द्वारा की जा रही भारत की आलोचनाओं का करारा जवाब दिया है। फिनलैंड में आयोजित 'कुल्तारंता टॉक्स' कार्यक्रम के दौरान जब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से रूस से तेल खरीदने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कई यूरोपीय देश वर्षों से ऐसे ऐसे देशों को अपने हथियारों की आपूर्ति करते रहे हैं, जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया, लेकिन भारत ने कभी भी यूरोप की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाला कोई कदम नहीं उठाया, इसलिए इस तरह की आलोचनाओं को व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। बता दें कि, इस कार्यक्रम में फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनन और यूएई की सहायक विदेश मंत्री लाना नुसेबेह भी मौजूद थीं।

### भारत ने कभी यूरोप की सुरक्षा खतरे में नहीं डाली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि, तुम उन देशों को हथियार बेचते हो जिनका इस्तेमाल भारत पर हमलों के लिए किया जाता है, जबकि भारत ने कभी भी यूरोप की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला। इस दौरान विदेश मंत्री ने साफ किया है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर ही फैसले लेता है।

### अमेरिका ने खुद रूसी तेल खरीदने को कहा, बाद में टैरिफ लगा दिया

एस जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका ने खुद भारत से रूसी तेल खरीदने की अपील की थी ताकि वैश्विक तेल बाजार स्थिर रहे और कीमतों में बेतहाशा उछाल न आए। भारत ने हालात को देखते हुए व्यावहारिक फैसला लिया और सस्ता तेल खरीदा। उसके बाद टैरिफ लगाए और फिर उन्हें वापस भी ले लिया। इससे पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में फैसले हमेशा आदर्शों, नैतिकता या सिद्धांतों के आधार पर नहीं लिए जाते हैं।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, चार की मौत



उन्नाव। उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त अनुपम गुप्ता (32) और उदय सिंह (26) के रूप में हुई है। अन्य दो लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

कहा- ओमान की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर मिसाइल हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# भारत ने अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को फिर किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के मध्य ओमान की खाड़ी के इलाके में भारतीय सवार व्यापारिक जहाजों को अमेरिका की नौसेना द्वारा लगातार मिसाइलों से हमला कर निशाना बनाए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर से भारत ने अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को तलब कर बेहद सख्त अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया है। वर्तमान समय में विश्व में भारत के ही सबसे ज्यादा 3.2 लाख नाविक काम कर रहे हैं।

### भारतीय जहाजों पर हमले के लिए ईरान जिम्मेदार : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलने वाले भारतीय जहाजों पर ड्रोन हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ''पूरी तरह से अस्वीकार्य'' है। इनमें से एक हमले में बुधवार को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय जहाजों पर ईरान के ड्रोन हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया गया। यह हरकत पूरी तरह से अस्वीकार्य है।'' भारतीय नागरिकों को ले जा रहे वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी हमलों के विरोध में भारत द्वारा नयी दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी को तलब किए जाने के बाद ट्रंप की ये टिप्पणी आई।

# कांग्रेस बोली- नटराजन का नामांकन खारिज करना लोकतंत्र पर काला धब्बा, भाजपा ने की धांधली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

### खास बात

- नटराजन बोलीं- राज्यसभा चुनाव के नामांकन फॉर्म में न कोई कमी थी और न ही मांगी गई कोई जानकारी छिपाई गई

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज करने को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर राज्यसभा चुनाव में धांधली की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में मीनाक्षी नटराजन के साथ पत्रकार वार्ता करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नामांकन रद्द किए जाने को देश की आजादी के बाद की सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग ही लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। साथ ही इस मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली आए पार्टी के 61 विधायकों को समय नहीं दिए जाने पर भी दुख व्यक्त किया। वहीं बंगलौर में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ है। ऐसा होना नरेंद्र मोदी के इशारे के बिना संभव नहीं है।

अदालत ने कहा- मरते दम तक फंदे पर लटकाना, चार वर्षीय भांजे की हत्या का मामला

# जज ने पूछा-छूटोगे तो क्या करोगे, बोला हत्या, कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर



गाजीपुर में 4 साल के भांजे की गला काटकर हत्या करने वाले मामा अमजद खान को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। पीड़ित पक्ष के वकील अखिलेश सिंह ने बताया, गुरुवार को फैसला सुनाने से पहले जज शक्ति सिंह ने हत्यारे मामा से पूछा- अगर तुमको छोड़ दिया गया तो क्या करोगे? दोषी अमजद खान बोला- अगर कोई मुझसे उलझेगा तो मैं उसकी भी हत्या कर दूंगा। अमजद का जवाब सुनकर जज शक्ति सिंह हैरान रह गए। उन्होंने फिर पूछा- तुम्हें तुम्हारे किए पर कोई पछतावा है? दोषी मामा बोला- बिल्कुल नहीं..। जज शक्ति सिंह ने कहा- इसको तब तक फांसी पर लटकाओ, जब तक इसकी मौत न हो जाए। फैसला सुनाने के बाद जज ने अपने पेन की निब तोड़ दी। अदालत के फैसले के बाद पुलिस ने अमजद को पुलिस ने जेल भेज दिया है। उस वक्त भी उसके चेहरे पर कोई पछतावा नहीं था। वह किसी शातिर अपराधी की तरह लोगों को घूर-घूरकर देखता रहा।

### आरोपी ने क्रूरता की सारी हदें पार कीं : कोर्ट

जज शक्ति सिंह ने फैसला सुनाते ही टिप्पणी की। कहा, बच्चे की उम्र महज 4 साल थी। इस उम्र में बच्चा दुनिया की भलाई-बुराई के विषय में कुछ नहीं जानता था। बच्चे की हत्या करते समय क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गई थीं। मां ने अपने भाई के हाथों ही अपने बच्चे की हत्या होते देखी है। इस दर्द को शब्दों में बयां नहीं जा सकता। आरोपी ने अपने 4 साल के भांजे की गला काटकर हत्या कर दी थी। सिर महज 4 इंच ही गर्दन से जुड़ा हुआ था।

### बहन से हुआ था विवाद

घटना 21 अक्टूबर 2021 की है। 4 साल का दानियाल उर्फ अदनान खान अपनी मां शबाना नाज के साथ गहमर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव में अपने ननिहाल आया था। इसी दौरान आरोपी अमजद खान का अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में अमजद ने मासूम भांजे दानियाल की गर्दन को चाकू से काट दिया था। बच्चे की मां मौके पर ही मौजूद थी।

### बहनों और भाई ने अमजद के खिलाफ गवाही दी

दानियाल के चाचा अरबाज खान ने गहमर थाने में धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। मुकदमे के दौरान कुल 9 गवाहों में आरोपी की तीन सगी बहनें और एक भाई भी शामिल थे। सभी साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर अदालत ने अमजद खान को दोषी करार दिया है।





Contact with THE PM
on NARENDRA MODI APP
4399 दिन
राष्ट्रहित सर्वोपरि, नेतृत्व अतुलनीय
इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित
एक नया कीर्तिमान।
भारत के इतिहास में
सबसे लंबे समय तक
लगातार प्रधानमंत्री पद का
सफल नेतृत्व करने पर
आदरणीय प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी जी
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ।
आपका सेवक प्रीतेश गांधी
छत्तीसगढ़
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के (मन की बात) प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अवश्य श्रवण करें.

## चिंतन

# गरीब की थाली तक खाड़ी युद्ध का दबाव

अमेरिका-ईरान के बीच जारी जंग का असर अब गरीब की थाली पर भी दिखने लगा है। हाल के महीनों में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की चिंता को और बढ़ा दिया है। मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत और खाद्य महंगाई 4.78 प्रतिशत तक पहुंच जाना इस बात का संकेत है कि रसोई का बजट लगातार दबाव में है। टमाटर, अदरक और अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल ने परिवारों की मासिक योजनाओं को प्रभावित किया है। वहीं, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति इस समस्या को लगातार गंभीर बनाती जा रही है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या राजनीतिक तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो जाती हैं। तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, भंडारण और उत्पादन लागत बढ़ने के कारण इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का दबाव अंततः गरीब की थाली तक पहुंच रहा है। महंगाई का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित है। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि किसान और ग्रामीण परिवार भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। खाद्य महंगाई के पीछे केवल अंतरराष्ट्रीय कारण ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी, बेमौसम बारिश और आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाएं भी कीमतों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई फसलों के उत्पादन में कमी और समय पर बाजार तक आपूर्ति न हो पाने से मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ रहा है। इसका सीधा परिणाम उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई आम उपभोक्ता के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आगामी वित्त वर्ष के लिए महंगाई के अनुमान को बढ़ाया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। दूसरी ओर, रिजर्व बैंक को भी महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। केवल ब्याज दरों में बदलाव से खाद्य महंगाई पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है, क्योंकि इसके पीछे आपूर्ति संबंधी कारण अधिक प्रभावी हैं। इसलिए केंद्र और राज्यों को मिलकर कृषि, भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर यह समझना होगा कि महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है। खाड़ी क्षेत्र का युद्ध, वैश्विक तनाव, जलवायु परिवर्तन और घरेलू आपूर्ति संबंधी चुनौतियां मिलकर आम आदमी की थाली को प्रभावित कर रही हैं। यदि समय रहते प्रभावी नीतिगत कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सबसे बड़ा बोझ उन लोगों पर पड़ेगा, जो पहले से ही सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। इसलिए सरकार, रिजर्व बैंक और समाज के सभी हितधारकों को मिलकर ऐसा समाधान तलाशना होगा, जो आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ गरीब की थाली की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सके।

# पहाड़ों को भी सांस की जरूरत है



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

पहाड़ मनुष्य के लिए हमेशा से आस्था और आकर्षण का केंद्र रहे हैं। विभिन्न धर्मों के तीर्थस्थल इन पहाड़ों पर हैं वहीं दूसरी ओर पहाड़ों के तराई की सुरम्यता सैलानियों को लुभाती है जिसके चलते हर साल इन इलाकों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन दिनों हिमाचल से लेकर उत्तराखंड की पहाड़ों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ अटी पड़ी है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उत्तराखंड सरकार के सूत्रों के मुताबिक कपाट खुलने के बाद अब तक चारधाम यात्रा के लिए 27 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो राज्य बनने के बाद मई महीने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अनुसार बीते साल 2025 में 6 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री और पर्यटक राज्य के पहाड़ों पर आए जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। अलबत्ता इस भारी भीड़ के चलते जोशीमठ से बद्रीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर सोनप्रयाग में 20-25 किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम हो रहा है। इस जाम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घंटों भूखे - प्यासे फंस रहे बावजूद लोगों में उत्साह है। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के पैदल रास्तों में भारी संख्या में लोगों की भारी भीड़ है।

गर्मियों के दौरान पर्यटकों के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली, कुफरी, कसौली और डलहौजी जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों की बात करें तो यहां टूरिस्टों का सैलाब उमड़ पड़ा है फलस्वरूप सभी प्रमुख मार्गों पर कई किलोमीटर का ट्रैफिक जाम लग रहा है।पर्यटन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार इन दिनों प्रतिदिन लगभग 25-30 हजार पर्यटक हिमाचल के पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं वीकेंड में यह आंकड़ा बढ़ जाता है। मीडिया से जुड़े खबरों के मुताबिक बीते एक महीने के दौरान अकेले शिमला क्षेत्र में 8 लाख और मनाली में 70 हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों की एंट्री हुई है। आलम यह है कि इन पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों पर गाड़ियां दौड़ नहीं बल्कि रेंग रही है। चिंतनीय है कि पहाड़ों पर बढ़ रहे मानवी भीड़, बसाहट और वाहनों के बोझ के चलते पहाड़ हांफने लगे हैं। पहाड़ों की सकरी और घुमावदार सड़कों पर हजारों वाहनों के लंबे जाम की वजह से इन इलाकों में चौबीसों घंटे ध्वनि और वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इन प्रदूषणों की वजह से जहां पर्यावरणीय खतरा बढ़ रहा है वहीं पहाड़ों के परिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।

विचारणीय है कि पहाड़ों पर बढ़ती भीड़ केवल पर्यावरण को ही नुकसान नहीं पहुंचा रहा है बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और संस्कृति पर भी विपरीत असर डाल रहा है। गौरतलब है कि पहले लोग चारधाम यात्रा में आध्यात्मिक भाव लेकर जाते थे लेकिन अब एक बड़ा तबका इन स्थानों में महज सैर-सपाटे के लिए जा रहे हैं। बीते कुछ सालों के दौरान इन इलाकों में सोशल मीडिया से जुड़े यूट्यूबर्स की आमद बढ़ी है जो इस मीडिया में फालोवर्स बढ़ाने के सनक के चलते केवल रील्स बनाने के लिए यहां पहुंच रहे हैं।इसके अलावा कुछ ऐसे समूह भी केदारनाथ सहित अन्य धामों में पहुंच रहे हैं जो ढोल - नगाड़ों और तेज स्पीकर की आवाज में नाचते हुए नजर आते हैं। जबकि अनेक पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी है कि उत्तराखंड के पहाड़ 'डेंजर जोन' में आता है और तेज आवाज के चलते इसके चट्टान खिसक सकते हैं बावजूद इस चेतावनी का असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। दूसरी ओर इस तीर्थक्षेत्र में पुलिस ने कुछ ऐसे लोगों के खिलाफ भी जुर्मानी कार्रवाई किया है जिन्होंने मादक पदार्थों का सेवन किया था। बहरहाल पहाड़ों पर हो रहे इन गतिविधियों से देवस्थानों के मंदिरों की मर्यादा भंग हो रही है। हालांकि मंदिर और स्थानीय प्रशासन इस प्रकार के गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए हर साल निर्देश जारी करती है लेकिन नतीजा शून्य है।



बहरहाल यह कहना गैर-मुनासिब नहीं होगा कि मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के गोद में हुआ है लेकिन आधुनिक सभ्यता ने सबसे ज्यादा असभ्यता और अनुदारता प्रकृति के साथ ही दिखाई है। पहाड़ पृथ्वी का सबसे बड़ा हिस्सा है जो परिस्थितिकी तंत्र को सहेजता है और नदियों का प्रमुख स्त्रोत भी है।पहाड़ हमारे लिए केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक धरोहर है। देश के इतिहास पर गौर करें तो मध्ययुगीन काल की अनेक वीर गाथाएं और परंपराएं पहाड़ों से ही जुड़ी है। पहाड़ सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील होते हैं। चिंतनीय है कि अंधाधुंध विकास की अंधी दौड़ के चलते पहाड़ों के सीने को छलनी किया जा रहा है। विकास के लिए बिजली चाहिए और इसके लिए अविरल नदियों को बांधकर पहाड़ों पर जलविद्युत परियोजनाएं बनाई जा रही है। जलविद्युत संयंत्रों और सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ों को खोखला कर कई किलोमीटर लंबाई वाले सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं और निर्माण के लिए दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है। पहाड़ों को सहेजे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।पेड़ों के कटने, विस्फोट और ड्रिल मशीनों के कंपन से पहाड़ों की मिट्टी और चट्टान कमजोर होकर धसकने लगे हैं जिसके चलते इन क्षेत्रों में आपदाएं लगातार बढ़ रही है।

देश में जारी शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, सड़कों, बांधों के निर्माण और खनिज उत्खनन के लिए पहाड़ों को खोदा जा रहा है। विचारणीय है कि उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद वहां की सरकारों ने बिजली उत्पादन और पर्यटन उद्योग को अपने पहली प्राथमिकता में रखा जिसके चलते इस राज्य में पनबिजली परियोजनाओं और होटल-रिसॉर्ट निर्माण की बाढ़ आ गई है। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए "ऑल वेदर रोड" का निर्माण भी शुरू कर दिया।पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आवागमन और आवास की सुविधा के लिए पहाड़ों और पेड़ों को काटकर सड़कें, पुल, होटल, रिसॉर्ट और कृत्रिम पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं जिससे पहाड़ों का परिस्थिकीय तंत्र भी बिगड़ रहा है।

विडंबना है कि हमारी व्यवस्था अब देश के इतिहास के साथ भूगोल को भी बदलने के लिए आमादा है जिसके घेरे में जंगल, पहाड़ और नदियां हैं। गौरतलब है कि विकास का सपना शुरू में लुभावना होता है लेकिन जब यह विनाश बनकर प्रकट होता है तो वह बड़ा ही प्रलयंकारी और भयावह होता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा कितना भयानक हो सकता है? इसका अंदाजा साल 2013 में केदारनाथ के जलतांडव से लेकर 2025 में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ बारिश, भूस्खलन, बादल फटने से हुई तबाही से लगाया जा सकता है।बीते एक दशक के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पहाड़ी इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की वजह से हजारों लोगों की मौतें हुई है तथा सैकड़ों हताहत हुए हैं वहीं अरबों रुपए का नुकसान भी हुआ है।

विचारणीय यह भी है कि पहाड़ों पर हो रहे अत्याचार के लिए केवल सरकार और मशीनरी ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम जनता भी समान रूप से जवाबदेह है जो मानव सभ्यता का कचरा पहाड़ों और नदियों पर डाल रहे हैं। पर्वतीय इलाकों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं फलस्वरूप पर्यावरण और ईकोसिस्टम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ हीलिंग हिमालय के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप झील बनते हैं जो जलतांडव लाते हैं। लिहाजा हम कह सकते हैं कि पहाड़ों पर हो रहे आपदा कुदरती नहीं बल्कि इंसानी आपदा है और इसकी कीमत आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना होगा।

बहरहाल भारत के अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। पहाड़ हमेशा से पर्यटकों को बुलाते रहे हैं लेकिन अब इसकी दुश्वारियां सामने है फलस्वरूप पहाड़ों का सब्र टूटने लगा है। देश में पहाड़ों के विकास, पर्यावरण संरक्षण, आस्था और कानून के चौराहे पर खड़े हैं। सरकार और पर्यावरणविदों के पहाड़ों पर अपने - अपने दावे और वादे हैं। बिलाशक पर्यावरण और इकोसिस्टम के लिए पहाड़ जरूरी है लेकिन आर्थिक विकास और रोजगार के लिए भी पहाड़ जरूरी है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पहाड़ों के सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए ताकि पहाड़ों के अस्तित्व पर कोई संकट न आए।आखिरकार क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां जंगल न हो, पहाड़ न हो और नदियों का अविरल प्रवाह न हो ? बेशक इसके बिना इंसानी सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में है लिहाजा विकास के लिए प्रकृति को विमर्श में लाना ही होगा।

## श्रद्धांजलि

डॉ. घनश्याम बादल



# गोल्डन बॉय शूटर जसपाल राणा का यूं अचानक जाना

भारतीय खेल जगत के लिए 12 जून 2026 का दिन एक गहरे शोक में बदल गया, जब देश के महानतम निशानेबाजों में से एक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शूटर और कोच जसपाल राणा के निधन का समाचार सामने आया। मात्र 49 वर्ष की आयु में उनका जाना न केवल भारतीय निशानेबाजी के लिए, बल्कि पूरे खेल जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जिस खिलाड़ी ने दशकों तक अपने अचूक निशाने से भारत का तिरंगा विश्व मंच पर लहराया और बाद में प्रशिक्षक के रूप में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिखाया, उसका इस प्रकार अचानक चले जाना विश्वास करना कठिन है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की धरती पर जन्मे जसपाल राणा ने उस समय भारतीय निशानेबाजी को पहचान दिलानी शुरू की, जब यह खेल देश में अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय था। कम उम्र में ही उनकी प्रतिभा ने खेल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित कर लिया था। उनके पिता नारायण सिंह राणा स्वयं शूटिंग से जुड़े रहे और उन्होंने ही अपने पुत्र की प्रतिभा को तराशने का कार्य किया। देखते ही देखते, यह युवा खिलाड़ी भारतीय निशानेबाजी का पर्याय बन गया। जसपाल राणा की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी है कि उसे संक्षेप में समेटना कठिन है। वे भारत के सबसे सफल कॉमनवेल्थ गेम्स खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1994 से 2006 के बीच आयोजित चार राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 15 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सर्वाधिक सफल खिलाड़ियों की श्रेणी में स्थापित करती है। एशियाई खेलों में भी उनका



प्रदर्शन असाधारण रहा। 1994 एशियन गेम्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। सेंटर फायर पिस्टल प्रतियोगिता में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की थी। एशियाई खेलों में उनके खाते में कुल आठ पदक दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। देश ने भी उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्हें 1994 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल थे। इसके बाद 1997 में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से अलंकृत किया गया। खेल जगत में उनकी सेवाओं और प्रशिक्षक के रूप में योगदान को देखते हुए वर्ष 2020 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह एक दुर्लभ उपलब्धि है कि किसी खिलाड़ी को खिलाड़ी और प्रशिक्षक दोनों रूपों में देश के सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा जाए। हालांकि जसपाल राणा की महानता केवल उनके जीते गए पदकों तक सीमित नहीं थी। खेल जीवन के बाद उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। वे उन प्रशिक्षकों में रहे जिन्होंने खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और विजेता मानसिकता का विकास किया। भारतीय निशानेबाजी की नई पीढ़ी, विशेषकर मनु भाकर जैसी खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर की ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया था कि जसपाल राणा केवल महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि असाधारण गुरु भी थे। उनका असमय निधन इसलिए भी अधिक पीड़ादायक है क्योंकि वे अभी भी भारतीय शूटिंग के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और नेतृत्व की देश को आगे भी आवश्यकता थी। उनके जाने से जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। पदक जीतने वाले खिलाड़ी समय-समय पर आते रहेंगे, लेकिन खेल को दिशा देने वाले व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। आज जब हम जसपाल राणा को अंतिम विदाई दे रहे हैं, तब उनके द्वारा जीते गए स्वर्ण पदकों, स्थापित रिकॉर्डों और प्राप्त सम्मानों से कहीं अधिक उनकी वह विरासत स्मरणीय है जो उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को सौंपी है। उनके निशाने ने केवल लक्ष्य भेदे नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय युवाओं के सपनों को भी दिशा दी। भारतीय खेल इतिहास में उनका नाम सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। भारतीय खेल जगत का यह सितारा भले ही अस्त हो गया हो, किंतु उसकी चमक कभी मंद नहीं पड़ेगी। भावभीनी श्रद्धांजलि।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पाकिस्तान की बर्बरता पर ये मौन क्यों?

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के नागरिक लंबे समय से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं, किंतु पाकिस्तानी सरकार अपने कब्जे वाले कश्मीरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय सेना के दमन चक्र से वहां के नागरिकों की हत्याएं करती आई है। पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा वर्षों से अधिकृत कश्मीरी लोगों को जबरन जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है, उनके घरों की महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता लूटी जाती है और विरोध के बदले मौत दी जाती है। अभी हाल ही में, इस बार भी कश्मीरियों की मांग नागवार गुजरी और सेना प्रमुख मुनीर के इशारे पर बर्बरतापूर्वक अंधाधुंध गोलाबारी की गई।

- ब्रिजेश अग्रवाल, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# पाक में गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हुई



पाकिस्तान में पिछले छह वर्षों में गरीबी सात प्रतिशत बढ़ गई है जिससे लगभग 2 .7 करोड़ लोग गरीबी के दायरे में आ गए हैं और इसके साथ ही देश में कुल गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हो गई है। देश के राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26, को बृहस्पतिवार को वार्षिक प्रक्रिया के तहत जारी किया गया। यह प्रक्रिया संघीय बजट पेश किए जाने से पहले आर्थिक संकेतकों को साझा करने के लिए की जाती है। इस सर्वेक्षण में सामने आया है कि वर्ष 2018–19 में गरीबी का स्तर 21 .9 प्रतिशत था, जो 2024–25 में बढ़कर 28 .9 प्रतिशत हो गया। सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण गरीबी 28 .2 प्रतिशत से बढ़कर 36 .2 प्रतिशत हो गई जबकि शहरी गरीबी 11 प्रतिशत से बढ़कर 17 .4 प्रतिशत तक पहुंच गई। प्रांतीय स्तर के आंकड़ों से पता चलता है कि सभी क्षेत्रों में गरीबी में वृद्धि दर्ज की गई है। पंजाब प्रांत में यह 16 .5 प्रतिशत से बढ़कर 23 .3 प्रतिशत हो गई, सिंध में 24 .5 प्रतिशत से बढ़कर 32 .6 प्रतिशत, खैबर पख्तूनख्वा में 28 .7 प्रतिशत से बढ़कर 35 .3 प्रतिशत और बलूचिस्तान में 41 .8 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई। बलूचिस्तान में गरीबी दर सबसे अधिक दर्ज की गई, जबकि चारों प्रांतों में पंजाब में गरीबी दर सबसे कम रही।

## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?



पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है – जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी–कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस और एनडीए



कांग्रेस और एनडीए की विकास दर में साफ़ फर्क है! एक ऐसा सिस्टम था जहां काम हमेशा अटकता और टलता रहता था, जबकि आज का सिस्टम कहता है कि काम समय पर और बड़े पैमाने पर होगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### त्रिपक्षीय समझौता



भारत सरकार, असम और नागालैंड सरकार के बीच एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे पूर्वोत्तर में दशकों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में तेल और गैस की खोज का रास्ता खुल गया है। यह भारत की एकता का बेहतरीन उदाहरण है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विपक्ष गैरजिम्मेदार



आज विपक्ष कितना गैरजिम्मेदार हो गया है! अगर हम हिमाचल प्रदेश जीत जाते हैं, तो हम शेर बन जाते हैं, लेकिन अगर चुनाव हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग खराब हो जाता है! आप किस तरह की पार्टी बन गए हैं, आपकी क्या हालत है?

- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राणा को श्रद्धांजलि



भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में से एक और एथलीटों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण और भारतीय खेल जगत में उनके अपार योगदान ने हमारे राष्ट्र पर अमिट छाप छोड़ी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### मैनपुर क्षेत्र में नक्सलियों का डंप किया गया नष्ट

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडईपानी के जंगल में आज सीआरपीएफ एवं पुलिस द्वारा नक्सलियो द्वारा डंप किये गये विस्फोटक समाग्रियो को बरामद किया गया और नष्ट किया गया। 11 जून को दोपहर 4:30 बजे कुल्हाड़ीघाट स्थित एफ/65 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा थाना मैनपुर क्षेत्र के डडईपानी जंगल में विशेष सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। इस क्षेत्र कुल्हाड़ीघाट कैम्प से लगभग 10 किलोमीटर उत्तर–पूर्व दिशा में स्थित है। उक्त डम्प में प्रेशर आईईडी (लगभग 4 किलोग्राम), कुकर आईईडी (लगभग 5 किलोग्राम), भरमार रायफल, इंटरसेप्टर, यूबीजीएल राउंड, रायफल मैगजीन, कमर्शियल कोडेक्स वायर, कुछ मात्र में पटाखे, गन पाउडर तथा दवाइयाँ एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

### हाइवा की टक्कर से महिला की, दो घायल

**दुधावा।** दुधावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत साल्हेटोला के पास शुक्रवार 12 जून को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भीमाडीह गांव निवासी प्रभू वट्टी अपने परिवार के सदस्यों कुमारी वट्टी, त्रिशा वट्टी और सुखबत्ती वट्टी के साथ मोटरसाइकिल से बाजार की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वे साल्हेटोला के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में सुखबत्ती वट्टी को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्चा और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को आसपास मौजूद लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# पीईटी सहित एमएससी नर्सिंग के नतीजे घोषित

**पीईटी में रिजित को सर्वाधिक अंक और एमएससी नर्सिंग में स्वप्निल टॉपर**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री इंजीनियरिंग टेस्ट के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम ने यह परीक्षा 14 मई को आयोजित की थी। मॉडल आंसर जारी करने के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण करते हुए व्यापम ने अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिए। पीईटी के लिए इस वर्ष 12300 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें करीब 9400 छात्र ही परीक्षा में शामिल होने पहुंचे। चूंकि प्रदेश में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या इससे अधिक है, इसलिए पीईटी में शामिल होने वाले प्रत्येक छात्र को प्रवेश मिल जाएगा। ये प्रवेश पीईटी में प्राप्त अंक अर्थात रैंक के आधार पर प्रदान किए जाएंगे।

■ डीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी

व्यापम ने टॉप-10 सूची भी जारी की है। टॉपर रहे रिजित राठौर को 134 अंक मिले हैं। पूर्वा को 129, इशिता झा और जसराज सिंह को 128, सुनिधि जैन को 125, गोपाल यादव, शौर्य और सापेक्ष को 122 अंक मिले हैं।

### एमएससी नर्सिंग के भी परिणाम जारी

पीईटी के साथ ही व्यापम ने एमएससी नर्सिंग के परिणाम भी जारी कर दिए हैं। 89 अंकों के साथ स्वप्निल पटेल टॉपर रहे। पीईटी के साथ 14 मई को ही एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। एमएससी के लिए प्रदेशभर से 3600 आवेदन मिले थे। एमएससी में उपस्थिति 64% रही थी। इसके अलावा डीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। मॉडल आंसर पर आपत्ति 17 जून तक मंगाए गए हैं। इसके पश्चात अंतिम उत्तर व नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने इट्सा हॉस्पिटल्स का किया दौरा चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के भविष्य पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने राजधानी स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स का दौरा कर अस्पताल की विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। यहां उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा अवसंरचना, अत्याधुनिक तकनीक तथा मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए इट्सा हॉस्पिटल्स को देश के बेहतरीन स्वास्थ्य संस्थानों में से एक बताया।

दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने अस्पताल के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों के साथ विस्तृत संवाद किया। चर्चा के दौरान देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास, चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे तकनीकी नवाचारों, आधुनिक उपचार पद्धतियों, मेडिकल रिसर्च तथा भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही भारत को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया। कृषि, सड़क एवं परिवहन, रेल अवसंरचना, डिजिटल सेवाएं, विनिर्माण, कौशल विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए व्यापक बदलावों ने देश की विकास यात्रा को नई दिशा प्रदान की है। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को विकसित भारत के निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला बताया गया।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने इट्सा हॉस्पिटल्स में उपलब्ध विश्वस्तरीय रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सुविधाओं, मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए विकसित आधुनिक अटेंडर लाउंज, वीआईपी कक्षों तथा अन्य उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल की आधुनिक सोच, मरीज-केंद्रित सुविधाओं एवं विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, तकनीक-संचालित सेवाओं और मरीजों के प्रति समर्पित देखभाल व्यवस्था की सराहना की।

## इट्सा हॉस्पिटल्स देश के बेहतरीन स्वास्थ्य संस्थानों में से एकः सिंह



### प्रधानमंत्री मोदी, रतन टाटा के विचारों व कार्यों से लेते हैं प्रेरणा

प्रबंधन ने यह भी साझा किया कि इट्सा हॉस्पिटल्स अपने कार्यों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के राष्ट्रनिर्माण के दृष्टिकोण तथा भारत रत्न स्वर्गीय रतन टाटा के सेवा, नवाचार, उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त करता है। इन्हीं आदर्शों को ध्यान में रखते हुए संस्थान विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इट्सा हॉस्पिटल्स ने अत्यंत कम समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, उत्कृष्ट मरीज देखभाल, सेवा-प्रधान दृष्टिकोण एवं विश्वस्तरीय स्वास्थ्य अवसंरचना के कारण संस्थान ने अल्पावधि में ही विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों का ध्यान आकर्षित किया है। स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता ही इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता का आधार बनी है।

### उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित करना उद्देश्यः प्रबंधन

इस अवसर पर इट्सा हॉस्पिटल्स प्रबंधन ने बताया कि संस्थान का उद्धेश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में /"उत्कृष्टता/" का एक नया मानक स्थापित करना है। अस्पताल की कार्य संस्कृति मरीज-केंद्रित देखभाल, नैतिक चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित है। संस्थान का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों को सम्मान, विश्वास और संवेदनशीलता प्रदान करना भी चिकित्सा सेवा का अभिन्न हिस्सा है। इट्सा हॉस्पिटल्स अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी चिकित्सकों एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्थान का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवा, नवाचार और मरीजों की देखभाल के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हुए देश के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थानों में स्थान प्राप्त करना है।

# एएसआई के बेटे पर चढ़ाई थी बोलेरो, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

6 दिन पूर्व यातायात थाना में पदस्थ सउनि के पुत्र पर अज्ञात बोलेरो वाहन के चालक ने गाड़ी चढ़ा दी थी जिसके बाद युवक को उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। जैसे ही शहर में यह पता चला कि सउनि के पुत्र की मौत हो गई है उसके शुभचिंतकों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं अंतिम संस्कार के पहले विरोध प्रदर्शन की चर्चा सरगर्म है।



उल्लेखनीय है कि सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी यातायात थाना में पदस्थ सउनि रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ 6 जून की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार कुछ युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने सउनि के पुत्र चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भाग निकले थे। जिसके बाद चंद्रमणी की बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया था और बिलासपुर में भी उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर रायपुर रेफर किया गया था। जहां शुक्रवार को चंद्रमणी रात्रे की इलाज के दौरान मौत हो गई जैसे ही यह खबर जिले में फैलते ही पुलिस महकमे शोक का माहौल निर्मित हो गया। सूत्र बताते हैं कि चंद्रमणी रात्रे का अंतिम संस्कार उसके गृहग्राम पंतरो में किया जाएगा।

**6 जून की देर रात मानिकपुर चौकी क्षेत्र में हुई थी घटना**

### आरोपियों की हो चुकी है पहचान

6 जून की रात बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने पहले चंद्रमणी रात्रे को ठोकर मारा था, इस दौरान वहां मौजूद साहिल और अरविंद राठौर नामक युवक बोलेरो वाहन का पीछा करते हुए बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के बल्गी जा पहुंचे। जहां कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 8076 में कुछ युवक पहुंचे और जिन्हें देखकर साहिल निर्मलकर मौके से फरार हो गए। अरविंद नामक युवक को कार में उठाकर अपने साथ ले गये और बेरहमी से पिटाई की गई थी। अरविंद को इतना मारा कि मरा समझ कर छोड़ भागे। अपहरण कर्ताओं ने अरविंद के जेब में रखी राशि, जेवरात लूट लिया था।


## पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग , जबलपुर मंडल

संख्या: JBP/C/NFR/E-Tender/26 दिनांक: 10.06.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **श्रेणी:** विज्ञापन–आउट ऑफ होम, **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1, **परिसंपति/कार्य का विवरण:** कटनी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर–परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 15:30 बजे, **श्रेणी:** विज्ञापन–आउट ऑफ होम, **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर–परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 15:40 बजे, **श्रेणी:** विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-EBW-288200-1-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 15:50 बजे, **श्रेणी:** विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-EBW-127872-4-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:00 बजे, **श्रेणी:** विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-EBW-155494-3-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 22189/90 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:10 बजे, **श्रेणी:** स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सागर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:20 बजे, **श्रेणी:** स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-KTE-OSN-150-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** कटनी रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:30 बजे, **श्रेणी:** स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:40 बजे, **श्रेणी:** स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल), **निविदा सूचना क्रमांक:** ADVT-JBP-REWA-OSN-151-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** रीवा रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 22.06.2026, 16:50 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-STA-MedStn-123-26-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सतना रेलवे स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु स्थान का लाइसेंसिंग अनुबंध (जैसा है जहाँ है कि आधार पर)।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 15:30 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-KMZ-THDPK-71-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 15:40 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-SGO-THDPK-66-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सागर रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 15:50 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-JBP-THDPK-67-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 16:00 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-MML-THDPK-73-25-1, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** मदन महल रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 16:10 बजे, **श्रेणी:** विविध स्थिर सेवाएँ–सामान्य स्थिर सेवा, **निविदा सूचना क्रमांक:** MSS-JBP-BEHR-STGen-84-25-2, **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ब्यौहारी रेलवे स्टेशन संयुक्त – विज्ञापन, पे एंड यूज़ शौचालय, ROMT(Renovation, Operation, Maintenance & Transfer) के अंतर्गत प्रतीक्षालय संचालन एवं फूड वैन की व्यवस्था।, **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 25.06.2026, 16:20 बजे। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

कम सं (1): ई–निविदा संख्याः डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–95–26–27, दिनांक 09.06.2026 **कार्य :** 30/06/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर और एस.एस.ई (पी.वे.) बिलासपुर के कार्यालय सहित उसलापुर (एक्स) (बिलासपुर सेटलमेंट को छोड़कर) से अकलतरा (इन) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹ 1,55,77,113.20/-। अमानत राशिः ₹ 3,11,600.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027।**

कम सं (2): ई–निविदा संख्याः डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–96–26–27, दिनांक 09.06.2026 **कार्य :** 30/06/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उसलापुर (इन) से बेलगहना (इन) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹ 1,21,01,864.72/-। अमानत राशिः ₹ 2,42,000.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027।**

कम सं (3): ई–निविदा संख्याः डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–97–26–27, दिनांक 09.06.2026 **कार्य :** 30/06/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बेलगहना (एक्स) से पेंड्रा (एक्स) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹ 91,94,272.20/-। अमानत राशिः ₹ 1,83,900.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027।**

कम सं (4): ई–निविदा संख्याः डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–98–26–27, दिनांक 09.06.2026 **कार्य :** 30/06/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अनरकंटक ऑफिसर्स बंगलो और हॉलिडे होम सहित पेंड्रा (इन) से अनूपपुर (एक्स) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹ 1,02,77,546.52/-। अमानत राशिः ₹ 2,05,600.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027।**

कम सं (5): ई–निविदा संख्याः डीआरएम–इंजी. बीएसपी–टी–99–26–27, दिनांक 09.06.2026 **कार्य :** 30/06/2027 तक समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अकलतरा (इन) से अनूपपुर (एक्स) के बीच रोड जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः ₹ 96,95,939.68/-। अमानत राशिः ₹ 1,93,900.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 30.06.2027।**

**निविदा जमा करने की आरंग तिथिः** दिनांक 23/06/2026 से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** दिनांक 07/07/2026 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)

सीपीआर/10/192 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


# कोंडागांव और दंतेवाड़ा के दो ईई से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल–जल योजनाओं में पानी नहीं मिलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कोंडागांव और दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दोनों अधिकारियों को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव के बेड़मा और दंतेवाड़ा के टेकनार गांव में ग्रामीणों ने नल–जल योजना से नियमित पानी नहीं मिलने की शिकायत की थी। प्रमुख अभियंता श्री मरकाम ने कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता श्री पाण्डेय को जारी नोटिस में कहा कि बेड़मा गांव में जल अर्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों ने योजना के सुचारू संचालन नहीं होने और नियमित जलापूर्ति बाधित रहने की शिकायत की थी। दंतेवाड़ा के टेकनार गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक मोहल्ले के कई घरों में नल–जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंता श्री मण्डावी से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

■ नल–जल योजना शिकायत पर कार्रवाई

# गांजा तस्कर के फरारी मामले में चार पुलिसकर्मियों पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



चिकित्सकीय परीक्षण के लिए लाए गए गांजा तस्कर के नगरी अस्पताल से फरार हो जाने के मामले में एसपी ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक एएसआई व तीन आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सिहावा पुलिस द्वारा धारा 20-बी एनडीपीएस एक्ट-गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को 11 जून को चिकित्सकीय परीक्षण-डाक्टरी मुलाहिजा के लिए सिहावा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी ले जाया जा रहा था। इस दौरान सिहावा थाना में पदस्थ एएसआई सोनचंद डहरिया, आरक्षक अजय नेताम, डीएसएफ आरक्षक हिमेश नेताम एवं महिला आरक्षक डिगेश्वरी साहू आरोपियों को सुरक्षा अभिरक्षा में लेकर सीएचसी नगरी पहुंचे थे। जहां चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान पलाश गजभिए उम्र 32 वर्ष कचुरवाही थाना आरोली जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ धारा 362 बीएनएस के तहत एक और अपराध दर्ज कर सभी तरफ नाकेबंदी कर तलाश शुरू कर दी। लगभग 7 घंटे के बाद पुलिस की टीम ने फरार आरोपी पलाश गजभिए को नगरी के चुरियारापारा से गिरफ्तार किया।


रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी. अ.-05062026-273182
CG-CG-E-05062026-273182
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2762] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 4, 2026/ज्येष्ठ 14, 1948
No.2762] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 4, 2026/JYAISTHA 14, 1948

रेल मंत्रालय
(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)
अधिसूचना
बिलासपुर, 1 जून, 2026
रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 20 ई के तहत

**का.आ. 2856 (अ)**— केन्द्रीय सरकार ने, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसें इसके पश्चात (अ) उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा के अधीन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II खंड 3 उपखंड (II) में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय की अधिसूचना कमांक 1506 तारीख 25 मार्च 2026 (जिसें इसमें इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को, विशेष रेल परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत झारसुगड़ा–रायगढ़, रायगढ़–चांपा, चांपा बिलासपुर, तिल्दा बिलासपुर, तिल्दा दुर्ग, मुंडीकोटा नागपुर, बिलासपुर पेंड्रारोड–अनूपपुर, रायपुर–लखोली, दुर्ग दारेकसा के मध्य में मौजूदा IX25KV ट्रैक्शन सिस्टम को 3000 MT लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2X25KV एटी फीडर व्यवस्था में अपग्रेड करने हेतु ओडिशा, छत्तीसगढ़, महराष्ट्र राज्य में निष्पादन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी, और उक्त अधिनियम की धारा 20क की उप धारा (4) के अधिन 20क अधिसूचना का सार दैनिक समाचार पत्र हरी भूमि (हिन्दी), जनकर्म (हिन्दी), सेंट्रल क्रॉनिकल (इंग्लिश) दिनांक 09 .04 .2026 में प्रकाशित किया गया था, और निर्धारित समयावधि में कोई आपति प्राप्त नहीं हुई थी और उक्त अधिनियम की धारा 20 घ के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया और उक्त अधिनियम की धारा 200 की उप धारा (1) के अनुसरण में सक्षम अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी हैं, अत: अब केन्द्रीय सरकार सक्षम अधिकारी से उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पुर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी, और यह कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 206 के अनुसरण में यह घोषणा करती है इस अधिघोषणा के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगनों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यांतिक रूप से निहित हो जाएगी।

| | जिला रायगढ़ | | | | राज्य छत्तीसगढ़ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. N. | अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम पदाधिकारी | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | स्वामित्व का प्रकार | भूमि की प्रकृति | खसरा सं. | कुल क्षेत्रफल (हे.) में | अर्जित क्षेत्रफल (हे.) में |
| 1 | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) | खरसिया | बगडेवा | नोनीबाई बेवा गिरधारी, शंकरलाल पिता गिरधारी, जाति गौड, सा. देह भूमि स्वामी | कृषि | 84/1 | 0.300 | 0.028 |
| | | | | खीकराम उर्फ प्रेमसिंह पिता मिट्ठुराम, जाति गॉंड, सा. देह भूमि स्वामी | कृषि | 84/4 | 0.049 | 0.049 |
| | | | | संतराम पिता छेदीलाल अन्य पिछ्डा वर्ग रावत, सा. देह भूमि स्वामी | कृषि | 81/1 | 0.260 | 0.102 |
| | | | | कमलसिंह पिता भजोराम, रमैया पिता सोनसाय, राकेश पिता सोनसाय, कमलमति पिता अजोराम, बिसाहीन बाई पति भजोराम, सरिता पति सोनसाय जाति रावत सा. देह भूमिस्वामी | कृषि | 81/2 | 0.551 | 0.116 |
| | | | | 1) चंद्रिका बाई पति महेत्तर 2) रामलाल पिता सेतराय जाति गौड सा. देह भूमि स्वामी | कृषि | 161 | 1.133 | 0.033 |
| | | | | | | योग | 2.293 | 0.328 |
| | जिला राजनांदगांव | | | | राज्य छत्तीसगढ़ | | | |
| 1 | अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजनांदगाव, जिला– राजनांदगांव रायगढ़ (छ.ग.) | राजनांद गांव | अचानकपुर भाठापारा | भूषण पिता केजराम कैवट निवासी ठाकुरटोला | Krishi | 101/2 | 0.809 | 0.064 |
| | | | | भुषण पिता केजराम कंवट निवासी ठाकुरटोला | Krishi | 101/3 | 0.551 | 0.267 |
| | | | | | | योग | 1.360 | 0.331 |

[फा. सं. सीपीएम/बीएसपी /इले /2x25 के.वी. ओ.एच.ई/भूमि अधि./20 E/2200]

सीपीआर/10/185 मुदित भटनागर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।



उनका मराठी लहजा भी अच्छे से आया। इस फिल्म की खास बात यह है कि भले ही इसमें कंगना बड़ी एक्ट्रेस थीं, लेकिन फिल्म का फोकस सिर्फ उन पर ना रखते हुए बाकी कास्ट को भी निखरने दिया। कई ऐसे मोमेंट्स दिखे जहां स्पॉटलाइट बाकी नर्स और किरदारों पर भी गई। बाकी स्टार कास्ट ने भी अपना बेस्ट दिया। फिल्म का फर्स्ट हाफ में दिखाया गया है कि कैसे नर्स 2 परिवारों को देखती है, एक अस्पताल के अंदर के मरीजों को और एक जो उनके घर में है। इससे फिल्म का एक स्ट्रॉन्ग बॉन्ड बना है।

# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए। इसी चिकित्सालय में पता लगता है कि दवाइयों के हेरफेर भी हो रहा। वहीं दूसरी तरफ गांव के दूसरे हकीम के रूप में विनय पाठक दवा के साथ दारू से पेट की पथरी का इलाज करने की बात करते दिख रहे हैं और लोग ये भी कह रहे हैं कि ऐसा करने से उनकी समस्या ठीक हो गई। जहां इस सीरीज में भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ की चौंकाने वाली एंट्री है, वहीं दूसरी तरफ इस सीजन में फुलेरा के बनराकस और बिनोद को देखकर लोग उछल पड़े हैं।




# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन



**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।

# 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है।



इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

Appointment आवश्यकता

### टीचर

REQUIREMENT- Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katul-board Durg requires teachers for, Mathematics ,Physics, Chemistry,Biology, Accountancy, Business studies, Economics, So. Science, Science English, Office clerk, contact with Resume before 16th june2026, 9301398270. (आरो न - 294)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### साउंड लाइट/प्रोजेक्टर

आवश्यकता है- साउंड लाइट एवं प्रोजेक्टर स्क्रीन चलाने हेतु 10 वी 12 वी पास, सैलरी 5 अंकों में। अनुभवी भी संपर्क करें। संपर्क - यश एल ए डी टेक्नोलॉजी, कचना मैंने रोड मोबाइल - 9926791401. (RO-859)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हमारा ट्रांसपोर्ट, दुर्ग में ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। योग्यता: ट्रांसपोर्ट कार्य का अनुभव, टीम प्रबंधन एवं वाहन संचालन की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें:- बी.मोहन, मोबाइल :- 9329021777. (आरो नं.- 10491)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था उपलब्ध 9201958117, 8109080600. (RO-855)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-860)

### सेल्समैन

आवश्यकता है- इंडियन आईल कॉर्पोरेशन लिमि. के सर्वो लुब्रिकेंट्स के वितरण कार्य हेतु ग्रेजुएट अनुभवी सेल्समैन चाहिए।अनुभव 4 से 5 वर्ष एवं डिलवरी वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। कमर्शियल व्हीकल का लाइसेंस अनिवार्य। संपर्क- 9425509393.(RO-567)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर (संपर्क समय 10:30 से 9:00,) 9425522577, 9425522576. (RO-035)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

### ऑपरेटर/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- C&F मेडिकल में अनुभवी कम्यूटर ऑपरेटर- 2पद, गोडाउन पेकिंग 3पद की आवश्यकता है। आवास सुविधा- करमचन्द डिस्ट्रीब्यूटर्स, टाटा शोरूम के सामने, देवपुरी, रायपुर 9827166180. (RO-415)

### मार्केटिंग

आवश्यकता है- कुशालपुर कोरियर में पार्सल बांटने एवं मार्केटिंग हेतु पढे लिखे लडके चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408.(RO-meet)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरो न - 292)

### खाना मिस्त्री

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना देने हेतु लड़कों, खाना बनाने मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-41106)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### वेल्डर/हेल्पर/फीटर

आवश्यकता है- टर्नर (लेथमेन), वेल्डर फीटर हेल्पर की आवश्यकता हैं। अतिशीघ्र संपर्क करें- श्री विश्वकर्मा मशीनरी एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स, बजरंग नगर, आमापारा बाजार, रायपुर, मो. 9827494002. (RO-085)

### मेडिकल कर्मचारी

आवश्यकता है- स्टेशन रोड दुर्ग स्थित अग्रसेन भवन के सामने मेडिकल स्टोर में अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क 9827954674.(आरो नं.- 10489)

### पंप कर्मी

आवश्यकता है- मैसर्स शारदा प्रसाद साव अवंति बाई चौक कोहका भिलाई पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल डालने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। संपर्क:- 76928-88808, 99261-23539.(आरो न - 288)

### आया/ड्रायवर/चौकीदार

आवश्यकता है- हॉस्पिटल हेतु आयाबाई- 2, घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर, एवं चौकीदार -2 की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-544)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु स्टॉफ एवं हम्माल की आवश्यकता, सैलरी 11000-13000. हम्माल की सैलरी 15000-18000.स्टेशन रोड, रायपुर। फुल टाइम अकाउंटेंट की भी आवश्यकता। 8827144922, 7987565997. (RO-212)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन कर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्रसीमा (18 -42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 9129993295.(RO-081)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (आरो -4154)

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - रिसाली धनोरा मातृछाया फेस 2 में 30 * 50 के तीन प्लांट बेचना है एवं आशीषनगर पश्चिम सड़क नंबर 12 में 3 बीएचके2 डुप्लेक्स बेचना है:- 9827314526, 8817348393. (आरो न - 293)

For Rent किराया

किराये पर उपलब्ध- बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355. (RO-40953)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड




CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100% EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Display

GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP (Runing Matter) (Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday 800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday 1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday 1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### कॉमर्शियल यूजर्स को ....

है और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार के आदेश के मुताबिक अब औद्योगिक, कमर्शियल और संस्थागत ग्राहक पेट्रोल पंप से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी जरूरत का ईंधन सिर्फ अपने कंज्यूमर पंप से ही लेना होगा यानी बड़े खरीदारों के लिए पेट्रोल पंप का रास्ता बंद कर दिया गया है।

यह नियम तोड़ने पर क्या होगा आदेश का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और दूसरे लागू कानूनों के तहत सजा का प्रावधान है। निगरानी के लिए केंद्र या राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारियों, डीएसपी रैंक या उससे ऊपर के पुलिस अधिकारियों और तेल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर रैंक के अधिकारियों को तलाशी और जब्ती के अधिकार दिए गए हैं। राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे जमाखोरी कालाबाजारी और डायवर्सन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें.

### पेट्रोल पंप को ....

यह पाबंदी अस्थायी है। आदेश के तहत जारी कोई भी निर्देश शुरुआत में ज्यादा से ज्यादा 90 दिन के लिए लागू रहेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार इसे आगे बढ़ा सकती है। साथ ही सरकार चाहे तो किसी ग्राहक, इलाके या लेनदेन को इन नियमों से छूट भी दे सकती है।

### सरकार ने यह .....

आदमी के लिए रखा गया स्टॉक दूसरी तरफ जाने लगा और कुछ जगहों पर किल्लत का खतरा पैदा हो गया। सरकार को आशंका थी कि इससे जमाखोरी और कालाबाजारी भी बढ़ सकती है। इसलिए आम ग्राहक तक तेल की सप्लाई बनाए रखने के लिए यह आदेश लाया गया है।

### बीजापुर में 15 जून ....

मुद्दों पर खुलकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान आम जनता और विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिनिधियों के सवालों के माध्यम से जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी संवाद होगा। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### मानव तस्करी की शंका ....

बड़ी बात यह है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि लड़कियों को किसी गिरोह के माध्यम से ले जाया जा रहा था या फिर वे स्वेच्छा से जा रही थीं। जानकारी के अनुसार 11 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि झारखंड के गढ़वा से दुर्ग की ओर जाने वाली रॉयल बस में बड़ी संख्या में लड़कियों और लड़कों की मानव तस्करी की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाईन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रामानुजगंज बलरामपुर से अम्बिकापुर की ओर आ रही रॉयल बस को प्रतापपुर नाका के पास चिन्हित करने के बाद टीम के कुछ लोगों को उसमें तैनात किया गया। इसके बाद जैसे ही बस प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंची पुलिस के साथ संयुक्त टीम बस में चढ़ गई और बच्चियों के साथ ही युवकों को बाहर निकाला। टीम ने बस से 16 लड़की और 3 लड़कों को बरामद किया। टीम द्वारा बालिकाओं को एमएसएसव्हीपी बालगृह बालिका एवं 3 बालकों को वसुन्धरा खुला आश्रय गृह बालक में संरक्षित कराया गया।

**चल रही है जांच** : रॉयल बस में 16 लड़कियां और 3 लकड़े सवार थे। इसमें से सिर्फ 6 नाबालिग हैं और शेष सभी बालिग हैं। नाबालिग बच्चियों की सीडब्ल्यूसी में काउंसलिंग की गई और उन्हें बालिका गृह में रखा गया है। बालिग बच्चों को उनके परिजन से सम्पर्क कर सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। बाकी जांच चल रही है।

**-जेआर प्रधान**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

### सिर्फ 6 ही ....

बालिकाओं को सीडब्ल्यूसी में पेश किया गया जिसके बाद उन्हें फिलहाल बालिका सुधार गृह में रखा गया है। जांच में यह बात सामने आई कि सभी को कर्नाटक ले जाया जा रहा है। कर्नाटक में कहां जाना है इसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। झारखंड में एक व्यक्ति ने उनका टिकट कटवाया था लेकिन वह व्यक्ति भी गायब था। यह संभावना जताई जा रही है कि झारखंड से बच्चों की तस्करी की जा रही थी। पूरी जांच के बिना ही अधिकारियों द्वारा ज्यादातर बच्चों को छोड़ दिया गया।

### पावडर की बोरियों ....

तस्करी को लेकर बसंतपुर पुलिस पूर्व से ही अलर्ट मोड पर थी। साइबर सेल की मदद से सरगना के लोकेशन की जानकारी ले रही थी। शुक्रवार को तड़के 3 बजे अंतरराज्यीय चेकपोस्ट धनवार से एक तेज रफ्तार 16 चक्का ट्रक को गुजरते देख पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। संदेह होने पर ट्रक की तलाशी ली गई। पुलिस से बचने के लिए तस्करों ने गांजे के ऊपर प्लास्टिक की बोरियों में पाउडर तथा नीचे गांजा छिपाया था। अच्छी तरह इसकी पैकिंग की गई थी। तस्कर पाउडर की 62 बोरियों में गांजा भर रखे थे।

**हर पैकेट में 30 किलो गांजा** : पुलिस ने गांजा की बोरियों को ट्रक से खाली कराने के बाद तौल कराया तो हर पैकेट में लगभग 30 किलो गांजा मिला। सभी 62 पैकेट में कुल 1941 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा तस्करी में शामिल ट्रक क्रमांक आरजे 14 जीयू 9078 को जब्त किया।एनडीपीएस की धारा 20 में अंतर्राज्जीय तस्कर एवं मास्टर माइंड यूपी सहारनपुर जिला के जरोडापाड़ा निवासी लोकेश शर्मा पिता हरिश्चन्द्र शर्मा (46वर्ष) एवं सहयोगी मुजफ्फरपुर के बड़ीकला छापर निवासी अमिब अंसारी पिता कल्लू अंसारी (23वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### 5 महीने से ....

शुक्रवार को जब्त ट्रक भी लोकेश शर्मा के नाम से ही पंजीकृत पाया गया है। सरगना लोकेश शर्मा फरार चल रहा था। साइबर सेल की मदद से पुलिस को ओड़िशा में सरगना की लोकेशन मिली थी। जिसके बाद पुलिस लगातार ट्रेकिंग कर उसके हर गतिविधि पर नजर रखी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से गांजा तस्करी का सिंडिकेट चला रहा था।

### स्थानीय लोगों और ....

पहचान पत्र जारी किए जाएं और जानवरों की स्वास्थ्य जांच के लिए कैंप लगाए जाएं। हाईलेवल मीटिंग में शाह ने यह भी निर्देश दिया कि तीर्थयात्रियों के समूहों की आवाजाही मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर तय की जाएगी। उन्होंने यात्रा मार्ग के अलावा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा ताकि तीर्थयात्री सुरक्षित रूप से पर्यटन गतिविधियों का आनंद ले सकें। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक जी.पी. सिंह के अलावा सुरक्षा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## 14 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, चार गिरफ्तार

यह खेल सिर्फ सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना नहीं लगा रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी इलाकों में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा कर रहा है। बिना किसी लैब टेस्टिंग के बनाई जा रही यह शराब सीधे लीवर, किडनी और नर्वस सिस्टम को डैमेज कर रही है। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर शिकंजा कसे जाने के बाद दोनों राज्यों के शराब ठेकेदारों द्वारा शुरू किए गए अवैध बाटलिंग यूनिट के गोरखधंधे से शासन को राजस्व की क्षति भी पहुंच रही है। जानकारों का मानना है कि जब तक अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में शराब महंगी होने के कारण ही तस्करी का खेल ध्वस्त नहीं हो पा रहा है।

#### धीमा जहर है केमिकल

अवैध बाटलिंग यूनिट्स में तैयार होने वाली शराब किसी भी सामान्य शराब से दस गुना ज्यादा खतरनाक है। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिलावटी खेल में मानक पैमाने का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। इस नकली शराब में औद्योगिक स्प्रिट मिथाइल अल्कोहलकी जरा सी भी मिलावट सीधे लीवर, किडनी और नर्वस सिस्टम को हमेशा के लिए डैमेज कर देती है। मिथाइल अल्कोहल शरीर में जाते ही फॉर्मिक एसिड में बदल जाता है, जो सीधे आंखों की नसों पर हमला करता है, जिससे इंसान हमेशा के लिए अंधा हो सकता है. बिना लैब टेस्टिंग के तैयार केमिकल का असंतुलन पेट में जाते ही शरीर के मुख्य अंगों को काम करने से रोक देता है, जिससे तड़प-तड़प कर मौत हो जाती है।

---

जिले का एक ऐसा अपराधी, जिसे अपराध करना विरासत यानि अपने मां-बाप से मिला। उसके अपराध की फेहरिस्त इतनी लंबी हो गई थी कि मजबूरन जिंदा न पकड़ पाने पर पुलिस को उसको गोली मारनी पड़ी। दो साल पहले दुर्ग जिले का यह काफी चर्चित एनकाउंटर था, जिसमें भले ही पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हुए हों, लेकिन रातों रात दुर्ग की जनता के दिल में दुर्ग पुलिस हीरो बन गई थी।



● दुर्ग से डॉ. संदीप उपाध्याय

## मां-बाप से अपराध सीख बड़ा हुआ अमित जोश, पुलिस को करना पड़ा एनकाउंटर

अमित जोश भिलाई टाउनशिप एरिया में रहता था। उसने 14 साल की उम्र में पहली बार अपराध किया। इसके बाद 21 साल की उम्र में हत्या की वारदात को अंजाम दिया। देखते ही देखते उसके खिलाफ दुर्ग सहित कई जिलों में अपराध दर्ज हुए और वो पुलिस डायरी में हिस्ट्रीशीटर बन गया। अमित को बदमाशी और गुंडागर्दी विरासत में




मिली थी। दुर्ग पुलिस के मुताबिक उसके पिता आरजी बोल्ड मोरिस दुर्ग जिले लिस्टेड गुंडा बदमाश रहा। उसकी मां बिजी मॉरिस भी अपराधी है। उसके खिलाफ भी भिलाई नगर थाने में कई अपराध दर्ज हैं। अपने माता पिता को चोरी, लड़ाई झगड़ा करते देख अमित कम उम्र में ही अपराध जगत में प्रवेश कर गया। उसके मन में लोगों के बीच अपनी दहशत कायम करने का जुनून ऐसा सवार था कि वो कहीं भी किसी से भी झगड़ा करता और उसे चाकू मार देता या गोली चला देता था। इधर अमित की बहन भी गुंडा बनने के लिए लड़ाई झगड़े की दुनिया में उतरी और उसने भी बदमाश व गुंडा लकी जॉर्ज से शादी कर ली। पुलिस ने अमित की फरारी में जब लकी के घर में छापा मारा, तो उसके यहां से अमित की पिस्टल, कारतूस और कई घातक हथियार मिले थे।

मा-बाप, बहन, बहनोई सभी अपराध की दुनिया में थे खुश, बीएसपी के 250 मकानों में कब्जा कर हर महीने वसूल रहे थे लाखों रुपए किराया, तमंचे की नोक पर करते थे गुंडागर्दी



बदमाश अमित जोश की मां जीजा गिरफ्तार

- अमित पर था 40 हजार का इनाम
- जोश ने तीन युवकों पर की थी फायरिंग
- आईजी और एसएसपी ने घोषित किया था इनाम

#### बीएसपी के क्वार्टर को किराये पर देकर कमाता था लाखों रुपए

अमित जोश सेक्टर-6 स्थित बीएसपी के एक जर्जर क्वार्टर पर कब्जा करके रहता था। उसने उस मकान को अंदर के आलीशान बंगले का रूप दिया था। इसके साथ ही वहीं पर बीएसपी के लगभग 100 से अधिक जर्जर मकानों पर कब्जा कर उनका मेंटेनेंस किया और उन्हें किराये पर चढ़ा दिया। इस तरह वह गुंडागर्दी की आड़ में कई साल तक लाखों रुपए हर महीने किराये के रूप में लोगों से वसूलता था और बीएसपी के अधिकारी उसके इलाके में घुसने से डरते थे।

#### इस तरह बढ़ता गया अपराध

2005 में 14 साल की उम्र में अमित जोश के खिलाफ भिलाई नगर थाने में पहला अपराध दर्ज हुआ। दूसरा अपराध 4 साल बाद वर्ष 2009 में दर्ज हुआ। 2013 में वह 21 साल का था, तब उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ। पिता गुंडा बदमाश तो बेटा उससे भी आगे निकलकर हिस्ट्रीशीटर बन गया। लोगों से गुंडा टैक्स और फिरौती वसूलना उसका मुख्य पेशा हो गया। अपराध जगत में खुद को बड़ा साबित करने के लिए अमित जोश ने मारपीट छोड़कर लोगों को जान से मारने की नीयत से हमला करना शुरू कर दिया। उसके खिलाफ धीरे धीरे 36 अपराध अलग अलग थाने में दर्ज हुए, जिसमें सबसे ज्यादा 26 अपराध भिलाई नगर थाने में दर्ज हुए। कई मामलों में अमित को सजा भी हुई, लेकिन उसकी वारदातों का सिलसिला नहीं रुका।

#### दुर्ग जिले में अब तक हो चुके चार एनकाउंटर

दुर्ग जिले के इतिहास में अब तक चार बदमाश पुलिस एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। पहला एनकाउंटर 2001 में अंजोरा में कुख्यात बदमाश सुखविंदर सिंह का हुआ था। दूसरा 2005 में बहुचर्चित महादेव महार हत्याकांड के आरोपी गोविंद विश्वकर्मा को तालपुरी के पास मारा गया। इस हत्याकांड में जिले के गैंगेस्टर तपन सरकार का भी नाम है, फिलहाल वो जमानत पर है। तीसरे एनकाउंटर में 15 अक्टूबर 2010 को जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोगदा पुलिया के पास पुलिस ने नार्थ बस्तर माड़ ज्वाइंट डिविजनल कमेटी के सदस्य नागेश और उसकी पत्नी रावघाट एरिया कमेटी की सदस्य ताराबाई को मार गिराया। दोनों पति पत्नी दुर्ग में कारतूस खरीदने के लिए आए थे। चौथा एनकाउंटर टाउनशिप में हिस्ट्रीशीटर अमित जोश का हुआ। वो पुलिस की गिरफ्त से भागकर पुलिस पर गोली चलाने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे कई गोलियां लगी और वो वहीं ढेर हो गया।

---

चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर बसे करही गांव की कछारी उपजाऊ भूमि में पहले जहां सब्जी, भाजी और खीरा-तरबुज-खरबुज की खेती होती थी, वहीं रेत के कारोबार ने इस हरी-भरी धरती को खून से लाल कर दिया है। पिछले कुछ सालों से चल रहे रेत उत्खनन व परिवहन के कारोबार में बढ़ते व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा व जलन के भाव से छिटपुट लड़ाई झगड़ों के बाद अब हत्या जैसे जघन्य अपराध होने लगे है। इस गांव में पहले उपसरपंच की हत्या हुई तो इसके बाद रेत कारोबारी युवक को घर घुसकर गोली मार दी गई। हालांकि दोनों ही वारदातों में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया, लेकिन घटना का मूल कारण रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।



●जांजगीर-चांपा से अभिषेक शुक्ला

## महानदी के तटवर्ती गांव में रेत का खूनी खेल

जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में आयुष कश्यप पिता सम्मेलाल कश्यप छड़, सीमेंट के अलावा रेत सप्लाई का काम करता था। उसने हाईवा और जेसीबी भी खरीदी थी। इस दौरान रेत के कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ उसकी दुश्मनी भी बढ़ने लगी। परिजन के मुताबिक कुछ लोगों ने घर पहुंचकर धमकी भी दी थी। इसके बाद 23 अप्रैल को आयुष जब्त हुए अपने हाईवा को छुड़ाने के लिए जांजगीर पहुंचा। यहां से चलान



पटाकर गाड़ी छुड़वाने के बाद वह अपनी कार से घर लौट रहा था। रात करीब 12 बजे वह जैसे ही घर पहुंचा। उसका पीछा करते तीन नकाबपोश घर तक जा पहुंचे। आरोपियों ने आयुष की गोली मारकर हत्या कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे उसके छोटे भाई आशुतोष को भी गोली मारकर घायल कर दिया। पूरी घटना बहन प्रेरणा के सामने हुई। जाते वक्त उन्होंने घर वालों को धमकाया भी, काफी दिन बाद इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने गांव के ही हेमंत कुमार बघेल (23), भूषण बघेल (23) एवं अमित टंडन (28) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, मैगजीन, अतिरिक्त खाली मैगजीन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

#### उपसरपंच की हत्या कर नदी में फेंकी लाश

करही पंचायत में उपसरपंच की सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई। उसे प्लानिंग के तहत बुलाया गया। छंककर शराब पिलाई, फिर गमछे से गला दबाकर उसे सदैव के लिए मौत की नींद सुला दी गई। हत्या के बाद शव को उफनती महानदी में बहा दी गई। 6 सितंबर 2025 की रात्रि में करही पंचायत का उपसरपंच महेन्द्र बघेल घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने 7 सितंबर को थाने में सूचना दी। मामले में परिस्थिति संदिग्ध परिलक्षित होने पर एसपी विजय पांडेय के दिशा निर्देशन में गुम इंसान की पतासाजी शुरू की गई। विवेचना के दौरान पता चला कि उप सरपंच के भाई जितेन्द्र बघेल के द्वारा सरपंच पति राजकुमार साहू द्वारा अनहोनी करने का परिजन ने अंदेशा जताया था। इसी आधार पर पुलिस ने तफ्तीश शुरू की और संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो ग्राम करही सरपंच पति राजकुमार साहू व उसके अन्य साथियों के द्वारा हत्या कर शव को बरेकेल पुल से महानदी में फेकने की जानकारी सामने आई। इस तरह पुलिस ने डीडीआरएफ टीम की मदद से महानदी में उपसरपंच महेन्द्र बघेल के शव कि तालाश शुरू की, लेकिन काफी मशक्कत के बाद कुछ पता नहीं चला था। जिसके वाद ड्रोन कि मदद ली गयी और दूर तक शव कि तालाश कि गयी। इधर पुलिस ने आरोपी सरपंच पति राजकुमार साहू, राजू उर्फ शैलेष कश्यप, राजेन्द्र कुमार साहू, दुर्गेश आदित्य, जितेन्द्र कश्यप, कान्हा यादव, भास्कर मांझी सभी निवासी करही एवं दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को पतासाजी कर ग्राम करही व अन्य क्षेत्र के अलग-अलग ठिकानों से उठाया। उक्त आरोपियों को धारा 103(2),61(2)क बीएनएस एवं 3(2)(व्ही) एसटीएससी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मामले के मुख्य साजिशकर्ता गणपत बघेल को भी सप्ताहभर बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### विश्व बैंक का अनुमान भारत की जीडीपी 6.6 फीसदी रहेगी




**वाशिंगटन।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में कम होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले साल यह 7.7 प्रतिशत थी। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया।

### रुपया 77 पैसे की बढ़त के साथ 95.08 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 77 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जल्द समझौते के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### मई में बैंकों की ऋण वृद्धि 17.44 प्रतिशत रही




**मुंबई।** खुदरा और कॉरपोरेट दोनों तरह के ऋण की लगातार बनी मांग के कारण मई में बैंक ऋण में सालाना आधार पर 17.44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह लगातार नौवां महीना है जब ऋण की वृद्धि दहाई अंक में रही है।

# 31 जुलाई का न करें इंतजार, समय से पहले आयकर रिटर्न भरने के फायदे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है

कई करदाता आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने को महज एक वार्षिक कार्य मानते हैं। समय से आईटीआर फाइल करना यह भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। लेकिन समय पर रिटर्न दाखिल करने से आपको कर से जुड़ी औपचारिकता पूरी करने के अलावा और भी कई फायदा मिल सकते हैं।

रिफंड जल्दी हासिल करने से लेकर भविष्य के आर्थिक लेन-देन को बेहतर बनाने तक, आईटीआर आपके आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है। बहरहाल 31 जुलाई की समय सीमा नजदीक आ रही है।

## रिटर्न पहले भरने से भविष्य के आर्थिक लेन-लेन को बेहतर बना सकते हैं

### नुकसान और भविष्य की समस्याओं से बचाता है

*शेयर बाजार में निवेश या व्यावसायिक गतिविधियों से नुकसान उठाने वाले करदाता उस नुकसान को आगे ले जा सकते हैं और भविष्य की आय के मुकाबले संतुलित कर सकते हैं। हालांकि, यह फायदा आमतौर पर तभी मिलता है जब आयकर रिटर्न तय समय सीमा के भीतर दाखिल किया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर और सही आयकर रिटर्न दाखिल करने से कर अधिकारियों से नोटिस या जांच की संभावना भी कम हो जाती है। समय सीमा से पहले रिटर्न दाखिल करने से न केवल अंतिम समय के तनाव से बचा जा सकता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि आप खास तौर पर आर्थिक फायदा बिना किसी देरी के प्राप्त कर सकें।*




### रिफंड का दावा और वित्तीय रिकॉर्ड बना रहता है

अगर वेतन, फिक्सड डिपोजिट, किराया या पेशेवर कमाई के आधार पर कर कटौती (टीडीएस) के जरिए से ज्यादा कर काटा गया है, तो वापसी का दावा करने के लिए आयकर विवरण (आईटीआर) दाखिल करना जरूरी है। करदाताओं को उनकी राशि वापस दिलाने में मदद करने के अलावा, आईटीआर एक आधिकारिक आय और पते के प्रमाण के रूप में भी काम करता है। यह अलग-अलग आर्थिक और कानूनी प्रक्रियाओं में मदद करता है और वर्षों के दौरान आय और टैक्स का बेहतर रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद करता है।

### लोन, बीमा और अन्य आर्थिक आवश्यकताओं में मदद

सबसे पहले और जरूरी यह कि आयकर विवरण (आईटीआर) आय और आर्थिक स्थिरता के सबूत के रूप में काम करता है। बैंक और आर्थिक संस्थान अक्सर होम लोन, पर्सनल लोन या वाहन लोन के लिए आवेदन प्रक्रिया करते समय आईटीआर दस्तावेज़ मांगते हैं। महंगी फिक्सड डिपोजिट बीमा योजनाओं के लिए आवेदन करते समय भी इस दस्तावेज़ की जरूरत हो सकती है, क्योंकि बीमा कंपनी इसका इस्तेमाल आवेदक की आय और पात्रता का आकलन करने के लिए करते हैं। इसके अतिरिक्त, वीजा आवेदनों, निविदाओं में भागीदारी और अन्य नियामक जरूरतों के लिए भी आयकर विवरण (आईटीआर) की अक्सर मांग की जाती है।

## निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

# खाड़ी में शांति के संकेतों से भारतीय शेयर बाजार उछला, सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका एवं ईरान में शांति कायम होने के संकेतों से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतें गिरने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ गयी बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 461.30 अंक बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था।

### ट्रंप की घोषणा से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत

विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी आई। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध खत्म होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं।

### कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे पहुंचा

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने अपनी टिप्पणी में कहा, 'वैश्विक धारणा में सुधार और आक्रामक लिवाली से भारतीय बाजारों में तगड़ा उछाल देखा गया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता होने की उम्मीद पैदा होने और कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे आ जाने के साथ रुपये में मजबूती से भी निवेशक धारणा को बल मिला।'

### खास बातें

- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आनी शुरू
- निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज
- वैश्विकधारणा में सुधार से आक्रामक खरीदारी देखी गई




### निवेशकों की झोली में आए 9.66 लाख करोड़ रुपए

*शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। इस तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 9,66,538.35 करोड़ रुपये बढ़कर 4,62,00,318.80 करोड़ रुपए (4.84 लाख करोड़ डॉलर) पर पहुंच गया।*

### साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1.73 प्रतिशत की तेजी

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर आए इस उछाल से बीएसई सेंसेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### एशियाई और अमेरिकी बाजार में रही मजबूती

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.63 प्रतिशत और जापान का निक्की सूचकांक 2.81 प्रतिशत चढ़ा। चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक भी बढ़त में रहे। यूरोपीय बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।

# देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़ा



- खाद्य तेल का मई में आयात 13.39 लाख टन रहा
- बाजार में कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 13.39 लाख टन रहा।

कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग इसकी मुख्य वजह रही। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वनस्पति तेल का आयात मई में बढ़कर 13,38,936 टन हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 12,54,883 टन था। वनस्पति तेल में खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों तेल शामिल हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे सोयाबीन तेल के आयात में बढ़ोतरी के कारण हुई, जो इस अवधि में 3,98,585 टन से बढ़कर 4,93,854 टन हो गया। गैर-खाद्य तेलों का आयात भी दोगुने से अधिक होकर पिछले महीने 26,202 टन हो गया, जो मई 2025 में 12,040 टन था। इससे मई 2026 में भारत का कुल वनस्पति तेल आयात (खाद्य और गैर-खाद्य) 8 प्रतिशत बढ़कर 13.65 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 12.67 लाख टन था। तेल वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में कुल वनस्पति तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़कर 93.65 लाख टन हो गया, जो 2024-25 की इसी अवधि में 83.39 लाख टन था।

### नेपाल से रिफाइंड तेल का आयात जारी

संस्था ने कहा कि सरकार की नीति ने कच्चे और रिफाइंड तेल के बीच शुल्क अंतर बनाए रखा है। इससे घरेलू रिफाइनिंग को बढ़ावा मिला है और रोजगार सृजन में मदद मिली है। एसईए ने बताया कि इस अवधि में रिफाइंड तेल का हिस्सा घटकर तीन प्रतिशत रह गया, जबकि कच्चे तेल का हिस्सा बढ़कर 97 प्रतिशत हो गया। साथ ही नेपाल से रिफाइंड तेल का आयात भी जारी है।

# खाने का सामान महंगा होने से खुदरा महंगाई 4% बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गई
- वैश्विक ऊर्जा में तेजी के कारण महंगाई बढ़ी

खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गयी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले महीने अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 4.78 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.20 प्रतिशत थी। पिछले महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का शामिल हैं। वहीं, आलू, मटर, मोटर कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर समेत अन्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति सबसे कम रही। मौद्रिक नीति तय करते समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर पड़ने वाले असर तथा बढ़ती लागत को जिम्मेदार बताया था।

### राज्यों में सबसे अधिक महंगाई तेलंगाना में

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, मई में शहरी क्षेत्रों की मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत 3.93 प्रतिशत से कम रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.25 प्रतिशत दर्ज की गई। राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति तेलंगाना में 6.15 प्रतिशत और सबसे कम मिजोरम में 1.03 प्रतिशत रही।

## सोना 3,000 रुपए मजबूत और चांदी में 10,000 रुपए की तेजी

- सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 10,000 रुपये बढ़कर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

अमेरिका-ईरान तनाव में कूटनीतिक समाधान के संकेतों से इन कीमती धातुओं में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

## एनएलसी इंडिया ने तेलंगाना में हासिल किया खनिज ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने तेलंगाना में एक महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक हासिल किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, खान मंत्रालय की ओर से एनएलसी इंडिया को महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी के लिए तरजीही बोलीदाता कंपनी घोषित किया गया है। एनएलसी इंडिया ने बताया कि मंत्रालय की ओर से 11 जून को आयोजित खनिज ब्लॉक की नीलामी के बाद उसे तेलंगाना के संगारेड्डी में पर्वथापुर वैनेडियम, टाइटेनियम और एल्युमिनस लैटेराइट ब्लॉक के लिए तरजीही बोलीदाता घोषित किया गया है।

## बिजनेस साइट

### एएम/एनएस इंडिया ने बिट्स पिलानी के साथ क्षमता निर्माण में बनाई बढ़त

**हजीरा-सूरत।** दुनिया के दो प्रमुख इस्पात निर्माताओं के संयुक्त उद्यम, आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने बिट्स पिलानी के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से क्षमता निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना जारी रखा है। प्रोसेस इंजीनियरिंग में अपने बी.टेक कार्यक्रम की सफलता के बाद, एएम/एनएस इंडिया ने अब मैन्युफैक्चरिंग मैनेजमेंट में अपने उद्घाटन एमबीए बैच के दीक्षांत समारोह के साथ एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह दीक्षांत समारोह गुरुवार को हजीरा स्थित एएम/एनएस इंडिया के फ्लैगशिप प्लांट में आयोजित किया गया था, और इस अवसर पर सूरत के पुलिस कमिश्नर, अनुपम सिंह गहलोत, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्टील क्षेत्र में वर्क-इंटीग्रेटेड लर्निंग को अपनाने में एक अग्रणी नाम के रूप में, एएम/एनएस इंडिया भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स विकसित करने के लिए वर्क इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रोग्राम्स (डब्ल्यूएलपी) का सक्रिय रूप से लाभ उठा रहा है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# बीओम ने दागा शानदार गोल, दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को हराया

एजेंसी ▸▸| गुआडालाजारा

ह्वांग इन-बीओम ने एक गोल किया और एक अन्य गोल में मदद की, जिससे दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल के दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और मैदान से बाहर जाते समय दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके बाद चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर से किए गए शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह गोल पेनल्टी एरिया में एक लंबी थ्रो-इन के बाद हुआ।

दक्षिण कोरिया ने 67वें मिनट में बराबरी कर ली, जब ह्वांग ने दो खिलाड़ियों को चकमा देने के लिए शॉट मारने का नाटक किया और गोल दाग दिया। इसके बाद उन्होंने दाहिनी ओर से क्रॉस पास दिया, जिस पर ओह ह्योन-ग्यू ने 80वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह मैच ग्वाडालाजारा स्टेडियम में खेला गया जहां सैकड़ों सीट खाली पड़ी थी। मैच खत्म होने के बाद दक्षिण कोरियाई टीम ने गोलपोस्ट के पीछे खड़े होकर अपने प्रशंसकों के साथ जश्न मनाया।



# विश्व कप से बाहर हुए एंडो ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸| टोकियो

जापान के कप्तान वतारू एंडो पांव में चोट के कारण विश्व कप से बाहर हो गए हैं, जिसके बाद लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले इस मिडफील्डर ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। जापान को विश्व कप के ग्रुप एफ में अपना पहला मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलना है लेकिन इससे पहले 33 वर्षीय एंडो ने अपने एक्स अकाउंट पर जापानी भाषा में टूर्नामेंट से हटने का अपना फैसला सुनाया। जापान की टीम टेनेसी के नैशविले में अभ्यास कर रही है। फरवरी में अपने बाएं पैर की सर्जरी कराने वाले एंडो ने कहा, 'चोट लगने के बाद से अब तक मैंने अपनी तरफ से हर संभव कोशिश की है और मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से भी संन्यास ले रहा हूं।'' एंडो ने 31 मई को तोक्यो में आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में वापसी की थी लेकिन वह हाफटाइम के बाद मैदान पर वापस नहीं लौटे थे। जापान की टीम के निदेशक मसाकुनी यामामोटो ने बताया कि डिफेंडर को इटाकुरा को नया कप्तान बनाया गया है, जबकि फॉरवर्ड शुटो माचिनो को एंडो की जगह टीम में शामिल किया गया है।





## ओपनिंग सेरेमनी में वेस्ट एंड ने किया परफॉर्मे, एम्मा किंग्सटन ने लगाया ग्लैमर का तड़का

# महिला विश्व कप का रंगारंग आगाज

## इंग्लैंड-श्रीलंका के बीच पहला मुकाबला, डेनिएल वायट ने खेली 105 रन की नाबाद पारी

**एजबेस्टन।** महिला टी20 विश्व कप 2026 का आगाज हुआ। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला गया। इस मुकाबले से पहले बर्मिंघम के एजबेस्टन में एक भव्य उद्घाटन समारोह हुआ, जिसमें थिएटर कलाकार एम्मा किंग्स्टन और जीजी स्ट्रेलेन शामिल हुईं। विक्ड की स्टार कलाकार एम्मा किंग्स्टन और जीजी स्ट्रेलेन 'एल्फाबा' और 'ग्लिंडा' के रूप में मंच पर सामने आईं। दोनों ने विश्व प्रसिद्ध म्यूजिकल के आइकॉनिक गानों पर शानदार प्रस्तुति दी। लंदन के वाटरलू ब्रिज पर रविवार को आयोजित भव्य समारोह में सभी 12 टीमों की कप्तानों की मौजूदगी में शाह ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। श्रीलंका ने टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 219 रन की पारी खेली। इसमें एमी जोंस ने 53 रन बनाए। डेनिएल वायट ने नाबाद 105 रन की पारी खेली। कप्तान नैटली सिवर ने 46 रन बनाए और नाबाद रहीं



### आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने दी सभी टीमों को शुभकामनाएं

**दुबई।** आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही सभी 12 देशों को शुभकामनाएं दी हैं। जय शाह ने एक्स पर लिखा, आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू हो रहा है। मैं हिस्सा ले रही सभी 12 टीमों को शुभकामनाएं देता हूं। आपकी प्रतिबद्धता, प्रतिभा और पक्के इरादे फैंस को प्रेरित करते रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाएंगे। उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेट का सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा और इस खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### आज वेस्टइंडीज-न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड कर रहा है। इंग्लैंड ने 2009 में खेले गए पहले संस्करण की मेजबानी की थी और चैंपियन रही थी। न्यूजीलैंड गत चैंपियन है और खिताब को बचाने के उद्देश्य से विश्व कप में उतरी है। न्यूजीलैंड शनिवार को रोज बाउल में टूर्नामेंट के चौथे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगी। 2024 में यूएई में अपना पहला महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद, न्यूजीलैंड पूर्ण आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। स्टार ऑल-राउंडर अमेलिया केर की कप्तानी में, न्यूजीलैंड एक ग्रुप 2 से आगे बढ़ने की पसंदीदा टीमों में से एक है।



क्रिकेट

# केन विलियमसन ने किया हैरान अचानक क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▸▸| क्राइस्टचर्च

अपने दौर के सबसे उम्दा बल्लेबाजों में से एक न्यूजीलैंड क्रिकेट के सबसे सफल दौर के नायक और अपने गरिमामय आचरण से विरोधी टीम को भी मुरीद बना लेने वाले केन विलियमसन ने 15 बरस से अधिक के सुनहरे कैरियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने की घोषणा की।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारुपों में एक युग का अंत हो गया। अपने शानदार कैरियर में विलियमसन ने देश के लिए 378 मैच खेले, अनगिनत बल्लेबाजी रिकॉर्ड बनाए और पूरी दुनिया में सम्मान पाया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था ।



### विलियमसन ने कई प्रारुपों में बनाए 19346 रन

35 वर्ष के विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए विभिन्न प्रारुपों में 19346 रन बनाए हैं, जिनमें टेस्ट क्रिकेट में 33 शतक और छह दोहरे शतक समेत 9500 से अधिक रन हैं। उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड दो बार आइसीसी विश्व कप फाइनल , तीन सेमीफाइनल में पहुंचा और 2021 में पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती।

### संन्यास का सही समय : विलियमसन

*विलियमसन ने कहा,' मैंने इस पर काफी सोचा और पिछले कुछ दिन से लग रहा था कि यह सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए मेरे भीतर हमेशा मजबूत इच्छाशक्ति और ललक रही है और मुझे इस बात में गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिए हर मैच में मैंने अपना सब कुछ दिया है।' उन्होंने कहा,' इससे कम पर खेलते रहना सही नहीं होगा और मैं खुशकिस्मत हूं कि अपने हिसाब से मैंने यह फैसला लिया है।' विलियमसन ने कहा,' मैं पिछले कुछ दिन से इसके बारे में सोच रहा था और लगा कि यह सही समय है इसका दूसरा पहलू यह है कि मैं एक प्रतिभाशाली समूह देख रहा हूं, जिनके आगे एक सफर है, जो इस न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ कुछ खास चीजें कर सकते हैं। वही टीम, जिसका मैं इतने लंबे समय तक हिस्सा बनकर बहुत खुशकिस्मत रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड टीम के लिए मेरे मन में काफी सम्मान है और इस खेल के लिए भी।*

## खबर संक्षेप



### द. अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार : स्टेन

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने एसए20 लीग की सफलता में आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका की इस टी20 लीग के बीच तालमेल को बड़ा पहलू बताते हुए कहा कि एसए20 ने उनके देश में दर्शकों को फिर स्टेडियम में लौटाया है। पहले चार सत्रों में एसए 20 काफी कामयाब रही है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को पांचवें सत्र में भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। स्टेन ने एसए 20 के पांचवें सत्र से कहा,' दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार है। कोरोना काल में दक्षिण अफ्रीका भी खेल से दूर हो गया था। स्थानीय खेलों पर उसकी बड़ी गाज गिरी। एसए 20 कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और लीग ने क्रिकेट को देश में लौटाया है।' स्टेन ने कहा,' लोग क्रिकेट देखने को उतावले थे और हमने दर्शकों को वह दिया।

### बेंगलुरु में 3 सितंबर से ग्लोबल शतरंज लीग

**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का चौथा सत्र 3 सितंबर से बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। लीग आयोजकों ने इसकी घोषणा की। टेक महिंद्रा और शतरंज की वैश्विक संचालक फिडे की संयुक्त पहल के रूप में शुरू हुई ग्लोबल शतरंज लीग ने शतरंज के पारंपरिक प्रारुप में कई नए बदलाव किए हैं। इसमें फ्रेंचाइजी आधारित टीमें, मिश्रित (पुरुष और महिला) टीम संयोजन तथा तेज गति वाले मुकाबलों का प्रारुप शामिल है। चौथे सत्र में भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी टीम आधारित प्रारुप में खिताब के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन

# सिंधू ने सू यू को मात्र 27 मिनट में हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▸▸| सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में सीधे गेमों में 21-6, 21-9 से पराजित किया।

सिंधू ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में सिंधू का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय किशोरी तन्वी शर्मा के शानदार अभियान का अंत करते हुए उन्हें 21-14, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला।



### सिंधू के लिए सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण

सिंधू और यामागुची के बीच अब तक हुए मुकाबलों के आंकड़ों में भारतीय स्टार का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 28 मुकाबलों में सिंधू ने 15 जबकि यामागुची ने 13 जीत दर्ज की हैं। सिंधू के लिए यह सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सत्र में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू को दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने के बाद से अपने अगले खिताब का इंतजार है। पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग से 19-21, 9-16 से पिछड़ने के बाद बाहर हा गए ।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया, पॉवेल ने लगाया शानदार सिक्स



एजेंसी ▸▸| किंग्स्टन

रोवमैन पॉवेल ने अंतिम ओवर में छक्का लगाया, जिससे वेस्टइंडीज ने तीन टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी तरफ से कामिंदु मेंडिस ने 51 रन तथा कप्तान और सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने 36 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ ने तीन-तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने 3 विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से कप्तान और सलामी बल्लेबाज शाई होप ने नाबाद 65 रन बनाए। इसके बाद पॉवेल ने नाबाद 10 रन बनाकर टीम को चार गेंद पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 37 रन का योगदान दिया। टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच शनिवार और रविवार को किंग्स्टन के सबीना पार्क में ही खेले जाएंगे।

# रोहित की फिटनेस-नीतीश के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एजेंसी ▸▸| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। इस श्रृंखला में जहां रोहित शर्मा की मैच फिटनेस की परीक्षा होगी, वहीं चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी कड़ी नजर रहेगी।

आईपीएल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कुछ मैच नहीं खेल पाने वाले रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए समय रहते पूरी तरह से फिट हो गए हैं, लेकिन भारतीय टीम और



दर्शकों को विराट कोहली की कमी खलेगी, जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इस बात पर संदेह बना हुआ है कि क्या 39 वर्षीय रोहित वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहेंगे या नहीं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, इशान किशन, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, बिलाल सामी, नांगेयालिया खरोती, फरीद अहमद मलिक, एएम गजनफर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, जिया उर रहमान शरीफी।

## मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच

# सिर्फ चैंपियन नहीं, भारतीय शूटिंग में क्रांति का चेहरा थे राणा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

निशानेबाजी में विलक्षण प्रतिभा, मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच, जसपाल राणा शायद पहले ऐसे निशानेबाज थे, जिन्होंने इस खेल में भारत के मजबूत होने से पहले ही भारतीयों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

राणा ने 49 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं हो गई थीं, जो म्यूनिख से दिल्ली लौटते समय उनकी उड़ान के दौरान सामने आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे राणा सिर्फ एक चैंपियन निशानेबाज ही नहीं



थे। वह एक खेल क्रांति का चेहरा थे। भारत के विश्व में निशानेबाजी में एक ताकत के रूप में उभरने से काफी पहले किशोर राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन से एक पीढ़ी को प्रेरित किया और उस खेल के पहले स्टार खिलाड़ियों में से एक बन गए, जो उस समय भारत में क्रिकेट के दीवाने लोगों के लिए काफी हद तक अनजान था। उनका उदय भारतीय निशानेबाजी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

### निशानेबाजी के थे नायक

वह तस्वीर भारतीय खेल जगत की स्मृतियों में हमेशा के लिए बनी रहेगी जब विक्टोरिया में 1994 के राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद किशोर राणा को उनके पिता ने कंधों पर उठा दिया था। जिस निशानेबाजी खेल से भारत लगभग अपरिचित था, उस खेल में उन्हें एक नायक मिल गया था। उनका यह प्रदर्शन एक ऐसे खिलाड़ी का उदय था, जो एक चैंपियन और एक कोच दोनों के रूप में भारतीय निशानेबाजी के भाग्य को नई दिशा देने वाला था। उस सफलता ने राणा परिवार की किस्मत बदल दी, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने भारत के लिए पदक दिलाने वाले खेल के रूप में निशानेबाजी की क्षमता को उजागर किया।

### 12 साल की उम्र में जीता था स्वर्ण पदक

महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा का करियर लगभग दो दशकों तक चला, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। वह ओलंपियन भी थे। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक खेलों में भाग लिया था लेकिन पदक नहीं जीत पाए थे। राजवर्धन सिंह राठौड़ (2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक) और अभिनव बिंद्रा (2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक) ने बाद में ओलंपिक में पदक जीते लेकिन इसकी नींव एक तरह से राणा ने रखी थी। दोहा में 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने तेज बुखार और मतली आने के बावजूद तीन स्वर्ण पदक जीते।



# सबसे अनोखी शराब, जिसमें बोतल के अंदर ही पड़ा रहता है सांप

**बीजिंग।** दुनिया में खाने-पीने की ऐसी कई चीजें हैं, जिनके बारे में सुनकर ही लोगों को हैरानी होने लगती है। कहीं लोग कीड़े खाते हैं, तो कहीं जिंदा ऑक्टोपस परोसा जाता है। लेकिन, कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जिनके बारे में जानकर डर और हैरानी दोनों महसूस होते हैं। ऐसी ही एक अजीब ड्रिंक है 'स्नेक वाइन', जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर काफी होती है। इस शराब की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसकी बोतल के अंदर पूरा सांप पड़ा होता है। कई बार सांप को बोतल में जिंदा डाला जाता है और फिर उसके ऊपर शराब भर दी जाती है। यही वजह है कि इसे दुनिया की सबसे खतरनाक और अजीब शराबों में गिना जाता है।

## पीने से दूर हो जाती हैं कई बीमारियां



### क्या होती है स्नेक वाइन?

नाम से ही साफ है कि स्नेक वाइन यानी सांप से बनाई जाने वाली शराब। आमतौर पर वाइन अंगूर या फलों से तैयार की जाती है, लेकिन स्नेक वाइन में जहरीले सांपों का इस्तेमाल किया जाता है। स्नेक वाइन सबसे ज्यादा चीन में बनाई जाती है। चीनी भाषा में इसे 'पिनयिन' और वियतनामी भाषा में 'खमेर' कहा जाता है। माना जाता है कि इस खास शराब को पहली बार पश्चिमी झोउ वंश के दौरान तैयार किया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे यह चीन में काफी लोकप्रिय हो गई।

### कैसे बनाई जाती है यह अजीब शराब?

स्नेक वाइन बनाने के लिए जिंदा या मरे हुए सांप को एक कांच की बोतल या जार में रखा जाता है। इसके बाद उसमें चावल, गेहूं या दूसरे अनाज से बनी शराब डालकर कई महीनों तक किण्वन के लिए छोड़ दिया जाता है। कुछ जगहों पर इसमेंफॉर्मेल्डिहाइड जैसे केमिकल भी मिलाए जाते हैं, ताकि सांप लंबे समय तक सुरक्षित रह सके। वियतनाम और कुछ एशियाई देशों में सांप को ताकत, गर्मी और मर्दानगी का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि वहां स्नेक वाइन काफी लोकप्रिय है।

### क्या यह पीना सुरक्षित है?

अगर स्नेक वाइन सही तरीके और भरोसेमंद जगह से बनाई गई हो, तो कुछ लोग इसे सुरक्षित मानते हैं। लेकिन इसके बावजूद इसमें खतरा बना रहता है। कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जब बोतल के अंदर मौजूद सांप पूरी तरह मरा नहीं होता। साल 2013 में एक महिला के साथ ऐसा हादसा हुआ था। जैसे ही उसने स्नेक वाइन की बोतल खोली, अंदर मौजूद सांप ने उसे काट लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ सांप कई महीनों तक बिना खाना-पानी के भी जिंदा रह सकते हैं। यही वजह है कि स्नेक वाइन को बेहद सावधानी से संभालने की सलाह दी जाती है।

# क्या बूढ़ी आंखों की रोशनी फिर लौट पाएगी?

वॉशिंगटन। दुनियाभर के वैज्ञानिक लंबे समय से इंसान की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने या उसे पलटने की कोशिश कर रहे हैं। अब इसी क्रम में अमेरिका की बायोटेक कंपनी ने दावा किया है कि उसने पहली बार इंसानों पर ऐसी थेरेपी का क्लिनिकल ट्रायल शुरू किया है, जिसका मकसद उम्र बढ़ने से खराब हो रही कोशिकाओं को फिर से जवान बनाना है।क्या कोई ऐसा इंजेक्शन भी हो सकता है, जो बूढ़ी आंखों की रोशनी को फिर से लौटा सके? बढ़ती उम्र के साथ आंखों की रोशनी का जाना और शरीर का कमजोर होना प्रकृति का नियम माना जाता है, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने ऐसा प्रयोग शुरू किया है, जो उम्र का ही कम करने का काम करेगा! सुनने में भले ही यह अजीब लगे, लेकिन यह सच है।

### ग्लूकोमा के मरीज को दी गई पहली डोज

इस प्रयोग को ईआर-100 नाम दिया गया है। ट्रायल के पहले चरण में इसका टेस्ट उन मरीजों पर किया जा रहा है, जो ग्लूकोमा यानी काला मोतियाबिंद और उम्र से जुड़ी आंखों की दूसरी बीमारियों से परेशान हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह थेरेपी आंखों की बूढ़ी हो चुकी कोशिकाओं को फिर से जवान कर देगी, जिससे मरीजों की आंखों की रोशनी लौट आएगी।

### खतरा भी भारी!

भले ही यह प्रयोग नई उम्मीद जगा रहा हो, लेकिन डॉक्टर इसे हाई-रिस्क भी मान रहे हैं। सबसे बड़ा डर यह है कि अगर यह जींस शरीर में बहुत लंबे समय तक एक्टिव रह गए, तो कोशिकाएं कंट्रोल से बाहर होकर कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैज्ञानिकों ने पहली बार लगाया उम्र घटाने वाला इंजेक्शन



### रूस भी कर रहा है इसी तरह तकनीक पर काम

रूस भी ऐसी तकनीक विकसित करने की कोशिश कर रहा है, जिसकी सहायता से लोग बढ़ती उम्र में भी लंबे समय तक बीमार नहीं हो। इसी दिशा में रूस ने वैज्ञानिक प्रोग्राम की भी शुरुआत की है, जिसपर लगभग 26 अरब डॉलर, भारतीय रुपयों में करीब 2.47 लाख करोड़ खर्च कर रहा है। इस प्रयोग का उद्देश्य उम्र बढ़ने की प्राकृतिक प्रक्रिया की रफ्तार को कम करना है।



### न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलॉजीज

पुतिन सरकार ने इस प्रयोग को न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलॉजीज नाम दिया है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, इस प्रयोग के तहत ऐसी तकनीकों और समाधानों पर काम किया जाएगा जो शरीर में होने वाले उम्र संबंधी बदलावों को ही कम कर सकें।

### कैसे काम करती है यह तकनीक?

यह पूरा ट्रायल हार्वर्ड के जेनेटिसिस्ट डेविड सिंक्लेयर के इन्फॉर्मेशन थ्योरी ऑफ एजिंग पर आधारित है। इस थ्योरी के अनुसार, उम्र बढ़ने के साथ कोशिकाएं सही तरीके से काम करने के निर्देश भूल जाती हैं। इसके लिए मरीज की एक आंख में सीधे जीन थेरेपी का एक इंजेक्शन दिया जाता है। इंजेक्शन के बाद मरीज को कुछ हफ्तों तक एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं, जो आंख में भेजे गए थेरेपी जींस को एक्टिव करने का काम करती हैं। इंसानों से पहले चूहों और बंदरों पर हुए ट्रायल में इस तरीके से बूढ़े जानवरों की आंखों की रोशनी वापस लाने में बड़ी सफलता मिली थी।

### क्या है सेलुलर रीप्रोग्रामिंग?

साल 2006 में जापानी वैज्ञानिक शिन्या यामानाका ने खोजा था कि चार खास प्रोटीन की सहायता से बूढ़ी हो चुकी कोशिकाओं को फिर से शुरुआती स्टेम सेल्स में बदला जा सकता है। इस खोज के लिए उन्हें 2012 में नोबेल पुरस्कार मिला था। लेकिन, पूरी तरह से रीप्रोग्राम करने पर कोशिकाएं अपनी पहचान खो देती हैं और उनसे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या को दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने पार्शियल रीप्रोग्रामिंग तकनीक अपनाई. इस तकनीक में कोशिशा को पूरी तरह से नहीं बदला जाता है, बल्कि उसकी उम्र के कांटे को थोड़ा पीछे घुमा दिया जाता है जिससे आंख की कोशिका अपनी पहचान खोए बिना एक युवा कोशिका की तरह काम करने लगे।

# समुद्र की गहराई में मिला 2000 साल पुराना शहर!

**काहिरा।** हॉलीवुड फिल्मों में आपने अक्सर समुद्र के नीचे दफन रहस्यमयी शहरों और सोने के खजानों की कहानियां देखी होंगी। लेकिन, वैज्ञानिकों ने इस काल्पनिक कहानी को हकीकत में बदल दिया है। मिस्र के तट से करीब 7 किलोमीटर दूर अबू कीर खाड़ी की गहराई में पुरातत्वविदों ने एक ऐसा खोया हुआ शहर ढूंढ निकाला है, जिसे 'मिस्र का अटलांटिस' कहा जा रहा है। 2000 साल से भी ज्यादा समय पहले समुद्र में समा चुके इस प्राचीन शहर 'थोनिस-हेराक्लिओन' से सोने के चमचमाते गहने, चांदी की पवित्र वस्तुएं और एक विशाल गुप्त मंदिर मिला है। इस हैरान कर देने वाली खोज ने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों और इतिहासकारों को हिलाकर रख दिया है।



### समुद्र की गोद में सोया था सबसे अमीर शहर

अलेक्जेंड्रिया शहर के बसने से पहले, थोनिस-हेराक्लिओन मिस्र का सबसे व्यस्त और अमीर बंदरगाह हुआ करता था। भूमध्य सागर से आने वाले हर व्यापारी जहाज को यहीं से होकर गुजरना पड़ता था। लेकिन, ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी में आए भयानक भूकंप, सुनामी और बढ़ते जलस्तर के कारण इस शहर के नीचे की जमीन धंस गई। देखते ही देखते पूरा शहर, उसके आलीशान मकान और भव्य मंदिर समंदर की गहराई में समा गए। अब फ्रेंच खोजकर्ता फ्रैंक गोडियो के नेतृत्व में गोताखोरों की टीम ने इस डूबे शहर के सबसे बड़े रहस्यों से पर्दा उठाया है।

### 2500 साल पुरानी लकड़ी का रहस्य

मंदिर के फर्श की खुदाई करते समय वैज्ञानिक तब हैरान रह गए जब उन्हें जमीन के बहुत नीचे लकड़ी के बड़े-बड़े शहतीर और खंभे मिले। कार्बन डेटिंग से पता चला है कि ये लकड़ियां ईसा पूर्व 5वीं शताब्दी की हैं। इसका मतलब है कि इस भव्य मंदिर के बनने से पहले भी यहां कोई पुरानी सभ्यता या आबादी रहती थी, जिसके बारे में इतिहास की किताबों में कोई जिक्र नहीं है। इतने सालों तक पानी के अंदर लकड़ी का सुरक्षित रहना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

# यहां गरीब खाते हैं काजू-किशमिश अमीरों की थाली में सिर्फ हरी सब्जियां

**सिडनी।** भारत में आमतौर पर अमीर लोग काजू, किशमिश, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स खाते दिखते हैं, जबकि गरीब लोग हरी सब्जियां खाते हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलिया में बिल्कुल उलटा नजारा है। वहां हरी सब्जियां ड्राई फ्रूट्स से भी महंगी हो गई हैं। खासकर हरी मिर्च की कीमत देखकर भारतीय हैरान रह जाते हैं। एक भारतीय महिला ने ऑस्ट्रेलिया के सुपरमार्केट से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में वह हरी मिर्च, शिमला मिर्च, ब्रोकोली जैसी सब्जियों की कीमतें दिखा रही है। साथ ही काजू, किशमिश और अन्य ड्राई फ्रूट्स की कीमतों की तुलना भी की है। वीडियो देखकर भारतीयों के होश उड़ गए हैं। महिला ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में 250 ग्राम हरी मिर्च की कीमत 6-8 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (करीब 330-440 रुपए) तक है। वहीं, 500 ग्राम काजू या किशमिश सस्ते में मिल जाते हैं। ब्रोकोली, पालक, धनिया जैसी हरी सब्जियां भी काफी महंगी हैं। वहीं, ड्राई फ्रूट्स अपेक्षाकृत सस्ते हैं। महिला ने कैमरे पर कहा, 'यहां गरीब लोग ड्राई फ्रूट्स खाकर काम चला लेते हैं, क्योंकि हरी सब्जियां उनकी पहुंच से बाहर हैं। अमीर लोग ही महंगी हरी सब्जियां और सलाद खा सकते हैं।'

## ड्राई फ्रूट्स से भी महंगी हरी मिर्च!




### क्यों इतनी महंगी हैं सब्जियां?

ऑस्ट्रेलिया में सब्जियों की महंगाई के कई कारण हैं। देश का बड़ा हिस्सा रेगिस्तानी और शुष्क क्षेत्र है, जहां खेती मुश्किल है। ऐसे में ज्यादातर सब्जियां आयात की जाती हैं, जिससे ट्रांसपोर्ट और कोल्ड स्टोरेज का खर्च बढ़ जाता है। साथ ही मजदूरी की दर बहुत ऊंची होने से उत्पादन लागत बढ़ जाती है। मौसम की अनियमितता और प्राकृतिक आपदाएं भी सब्जी उत्पादन प्रभावित करती है। हाल के सालों में बाढ़ और आग की घटनाओं ने खेती को नुकसान पहुंचाया है।

# कश्मीर का सबसे पसंदीदा स्नो-प्वाइंट तबाही की कगार पर

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों की नई स्टडी में सामने आया है कि कश्मीर के सोनमर्ग की शान और सैलानियों का सबसे पसंदीदा टूरिस्ट स्पॉट थाजीवास ग्लेशियर अब लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। कुछ सालों पहले जहां मीलों दूर तक बर्फ की सफेद चादर बिछी रहती थी, वहां आज सिर्फ सूखी घास और भूरी मिट्टी ही दिखाई देती है। क्लाइमेट चेंज के इस बदलाव ने वैज्ञानिकों को भी अलर्ट पर डाल दिया है, क्योंकि इस ऐतिहासिक ग्लेशियर का 95% हिस्सा हमेशा के लिए पिघल गया है।

### क्यों पिघल रही है कश्मीर की बर्फ?

रिसर्चर्स और एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसके पीछे कई बड़े टेक और एन्वायरन्मेंटल फैक्टर्स हैं-

**ग्लोबल वार्मिंग**

हिमालय क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है।

**कम बर्फबारी**

सर्दियों के मौसम में कुछ सालों से बहुत कम बर्फबारी हो रही है।

**ब्लैक कार्बन और प्रदूषण**

हर दिन कश्मीर में बढ़ती गाड़ियों और फैक्ट्रियों से निकलने वाला काला धुआं बर्फ को पिघला रहा है।

## बर्फ की जगह ले रही भूरी मिट्टी रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा



### मंडरा रहा है बड़ा खतरा

पर्यावरण के जानकारों का मानना है कि यह स्थिति किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। थाजीवास ग्लेशियर से निकलने वाला पानी सिंध नदी का मेन सोर्स है। अगर यह पूरी तरह समाप्त हो गया, तो कश्मीर में न सिर्फ टूरिज्म ठप होगा, बल्कि खेती, बिजली बनाने और पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

### क्या है इसका समाधान?

एक्सपर्टर्स का मानना है कि अब समय आ गया है जब हमें स्विस-स्टाइल ग्लेशियर प्रोटेक्शन यानी जैसे स्विट्जरलैंड में ग्लेशियरों को बचाने के लिए खास शीट से ढका जाता है और कड़े नियम लागू किए जाते हैं, वही नियम अपनाना होगा। इसके साथ ही पर्यटकों की संख्या को भी कंट्रोल करना होगा, प्लास्टिक पर पूरी तरह बैन लगाना होगा, नहीं तो कश्मीर की ये खूबसूरत वादियां सिर्फ तस्वीरों में ही सिमट कर रह जाएंगी।

# 11 साल का बच्चा निकालता है 90 तरह की आवाज

**नई दिल्ली।** भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया के जमाने में हर दिन नई-नई प्रतिभाएं देखने को मिलती हैं।



इन दिनों एक बिहार के बच्चे की सोशल मीडिया खूब चर्चा हो रही है। इस बच्चे का नाम अंश मिश्रा है और जिसकी उम्र अभी सिर्फ 11 साल है। यह बच्चा अपनी असाधारण प्रतिभा की वजह से सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। अंश मिश्रा मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। उनकी उम्र बहुत कम है, लेकिन उनकी कला इतनी बड़ी है कि उन्हें सुनकर आप चौंक जाएंगे। अंश मिश्रा 90 तरह की आवाज निकालते हैं। यह बच्चा पशु-पक्षियों की आवाजों की हूबहू करता है। इसके साथ है नेताओं की मिमक्री भी करते हैं। भोजपुरी संगीत जगत में भी एक पहचान बना रहे हैं। अंश मिश्रा की सबसे खास पहचान उनकी मिमिक्री है। वह 90 तरह की आवाजें निकाल सकते हैं। वह गाय, बकरी, कुत्ता, बिल्ली, कौआ, कोयल समेत कई पशु-पक्षियों की आवाजों को हूबहू निकालते हैं। वह अपनी कला से मंच पर दर्शकों का मन मोह लेते हैं।

### जीव जंतुओं की आवाज समझने की अद्भुत क्षमता

अंश पशु और पक्षियों की सिर्फ आवाजें नहीं निकालते हैं, बल्कि उन्हें समझ भी लेते हैं। उनका कहना है कि कुत्तों की खुशी, गुस्से और डर में अलग-अलग आवाज निकालते हैं। वह बताते हैं कि नर और मादा जानवरों की आवाजें अलग-अलग होती है। उनकी कम उम्र में ही प्रकृति और जीव जंतुओं की आवाज को समझने की क्षमता उन्हें दूसरों से अलग बनाती हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com